
वर्ष : 18 अंक: 134 ग्वालियर • रविवार 15 जून 2025 • पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



दैनिक मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

# अहमदाबाद विमान हादसा-170 ताबूत तैयार करने का ऑर्डर:275 पहुंची मृतकों की संख्या

## 248 DNA सैंपल्स लिए गए, 11 शवों की पहचान

अहमदाबाद (ए.)।

अहमदाबाद विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत का ऑर्डर दिया गया। बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एअर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया।

इधर, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिंटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा- अब तक 248 शवों के ष्ठह्र सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से 11 का DNA मैच हुआ है।

पटेल ने कहा कि आज एक महिला का शव उनके परिवार को सौंपा गया। शुक्रवार का 8 शव उनके परिजनों को हैंडओवर किया गया था। कुल 9 शव सौंपे जा चुके हैं। 8 घायलों का इलाज चल रहा है, एक की हालत गंभीर है। वहीं, सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की गई है। जो 3 महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इससे पहले बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल



से जब मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की टेल (पिछले हिस्से) में फंसा हुआ शव दिखा था। इसका पोस्टमॉर्टम हुआ है। कहा जा रहा है कि यह शव एयर होस्टेस का हो सकता है।

पायलट का आखिरी मैसेज सामने आया अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामले में विमान के पायलट सुमित सभरवाल का एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (ATC) को भेजा गया आखिरी मैसेज सामने आया है। 4-5 सेकेंड के संदेश में सुमित कह रहे हैं, मेडे, मेडे, मेडे... थ्रस्ट नहीं मिल रहा। पावर कम हो रही है, प्लेन उठ नहीं रहा। नहीं बचेंगे।

### मृतकों में गुजरात के 18 जिलों के लोग शामिल

गुजरात के स्टेट इमरजेंसी कमिश्नर आलोक पांडे ने कहा- अहमदाबाद प्लेन हादसे में मरने वालों में राज्य के 18 जिलों के लोग हैं। हमने पीड़ित परिवारों से संपर्क किया है। इसके लिए 230 टीमें बनाई हैं। आज से शवों को उनके परिजनों को सौंपना शुरू किया है।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने DNA सैंपल दिया है, ऐसे में जब वे शव लेने आएं तो फोटो आईडी कार्ड साथ लाएं। अगर वे नहीं आ सकते हैं, तो उनके करीबी रिश्तेदार सबूत के साथ आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद नगर निगम तुरंत डेथ सर्टिफिकेट देगी। शवों को पुलिस की निगरानी में गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा।

### एअर इंडिया ?25 लाख की मदद अलग से देगा

एअर इंडिया ने कहा- अहमदाबाद प्लेन हादसे में जिन लोगों की जान गई और जो लोग घायल हुए हैं। उनके परिजनों को ?1 करोड़ मुआवजे के अलावा ?25 लाख अलग से दिए जाएंगे।

### आतिशी बोलीं- प्लेन क्रैश की घटना दिल दहला देने वाली

AAP नेता दिल्ली की पूर्व CM आतिशी सिंह ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के घायलों से मुलाकात की। उन्होंने कहा- एअर इंडिया की फ्लाइट का दुर्घटनाग्रस्त होना बहुत दुखद और दिल दहला देने वाली घटना है। हम विजय रूपानी जी के परिवार के प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहते हैं।

# NEET G 2025 रिजल्ट: राजस्थान के महेश टॉपर




### कहा- UPSC करना चाहता था, टीचर ने NEET की सलाह दी; MP के उत्कर्ष की दूसरी रैंक

नई दिल्ली(ए.)।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने NEET त्र 2025 का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया। 20.08 लाख स्टूडेंट्स बैठे थे। इनमें से 12.36 लाख स्टूडेंट्स क्वालिफाई हुए हैं। राजस्थान के हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने टॉप किया है। उन्हें 720 में से 686 मार्क्स मिले हैं।

### आर्ट्स लेकर UPSC करना चाहते थे AIR 1 महेश

ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल करने वाले हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने को बताया कि 10वीं के बाद वो आर्ट्स लेकर UPSC की तैयारी करना चाहते थे। मगर एक टीचर के समझाने से उन्होंने साइंस ली और ह्वश्वश्वञ्ज की तैयारी करने लगे।

### एमपी के उत्कर्ष सेकेंड, महाराष्ट्र के कृषांग थर्ड टॉपर

MP के इंदौर के उत्कर्ष अवधिया की सेकेंड और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी की थर्ड रैंक आई है। टॉप 10 में केवल 1 लड़की है। दिल्ली की अविका अग्रवाल को फीमेल कैटेगरी में पहला स्थान मिला है। कैंडिडेट्स NTA की ऑफिशियल वेबसाइट e&am.nta.ac.in/NEET पर लॉग इन करके NEET रिजल्ट 2025 डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा रिजल्ट neet.ntaonline.in या e&am.nta.ac.in पर भी देखा जा सकता है।

# जल्द ही पूरी तरह से पेपरलेस हो जाएगा दिल्ली का एम्स अस्पताल

## -मरीजों की फाइलें भी हो जाएंगी डिजिटल

**नई दिल्ली,ए.।** डिजिटल क्रांति के युग में अब सभी दस्तावेजों का डिजिटलीकरण करने की कवायद लगभग सभी सरकारी और प्राइवेट संस्थानों में चल रही है. इसी क्रम में अब दिल्ली एम्स में भी मरीजों की इलाज संबंधी फाइलों को डिजिटल करने की तैयारी शुरू हो गई है.

दरअसल, सूचना तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल से डिजिटल डाटा स्टोर रखने और जरूरत पड़ने पर उसे जल्द निकाल पाना आसान हो गया है. इसी तरह मरीजों के भी डिजिटल रिकॉर्ड रखने से जरूरत पड़ने पर उसके रजिस्ट्रेशन नंबर से उसको एक क्लिक में ही निकालना आसान हो गया है. हालांकि, अभी बड़े सरकारी अस्पतालों में गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों की मेडिकल फाइलें संभालकर रखना और ओपीडी में मरीज के पहुंचने पर उसे ढूंढना चुनौतीपूर्ण कार्य बना हुआ है. यह कई बार मरीजों के लिए परेशानी का कारण भी बनता है. ऑफलाइन फाइलों को ढूंढने की इस समस्या को दूर करने के लिए अब दिल्ली एम्स पूरी तरह डिजिटल व कागज रहित बनेगा. इससे आने वाले समय में एम्स में मरीजों की मेडिकल फाइल भी ऑनलाइन यानी कि डिजिटल रूप में तैयार होगी, जो जरूरत पड़ने पर एक क्लिक पर आसानी से उपलब्ध होगी. इसके लिए एम्स के निदेशक ने हाल ही में 18 सदस्यीय एक विशेषज्ञ समिति गठित की है. इस समिति को तीन महीने में डिजिटलीकरण की संस्थान की जरूरतों का खाका तैयार कर टेंडर प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है. इसलिए समिति पर एम्स के अस्पताल को पूरी तरह डिजिटल बनाने की जिम्मेदारी होगी। इस समिति में एम्स के डाक्टरों, सूचना तकनीक के विशेषज्ञों के अलावा निम्हांस, सीएसआईआर (काउंसिल आफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च), इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय व डीआरडीओ के प्रतिनिधि भी शामिल किए गए हैं।

# CBI की क्लोजर रिपोर्ट-सुशांत केस में हत्या के सबूत नहीं:रिया के वकील बोले- झूठी कहानियां बनाई गईं, परिवार चुप रहकर सब सहता रहा

मुंबई (ए.)।

सुशांत सिंह राजपूत डेथ केस में CBI ने 4 साल 6 महीने 15 दिन बाद फाइनल क्लोजर रिपोर्ट फाइल की है। जिसमें जांच एजेंसी ने कहा है कि आत्महत्या के लिए सुशांत को उकसाने का कोई सबूत नहीं मिला है। सुशांत सिंह राजपूत 14 जून 2020 को बांद्रा में अपने घर पर रहस्यमय तरीके से



मृत पाए गए थे। मीडिया और विपक्षी दलों के प्रेशर की वजह से इस मामले की जांच को CBI को सौंपा गया। अब CBI की आखिरी रिपोर्ट में मौत की असल वजह सुसाइड ही बताई गई है। इस मामले में रिया चक्रवर्ती को 27 दिन जेल में रहना पड़ा था। सीबीआई की तरफ से फाइनल रिपोर्ट सामने आने के बाद रिया के वकील सतीश मानेशिंदे ने बयान जारी कर कहा कि इस मामले में कई झूठी कहानियां बनाई गईं। इसके बावजूद रिया और उनका परिवार चुप रहकर सब सहता रहा।

# तीन महिला समेत चार नक्सलियों का एनकाउंटर:बालाघाट के जंगल में पुलिस से मुठभेड़; बढ़ सकती है मारे गए नक्सलियों की संख्या

बालाघाट (ए.)।

बालाघाट में पुलिस ने एक मुठभेड़ में तीन महिला समेत चार नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ शनिवार दोपहर में बिठली पुलिस चौकी क्षेत्र के पचामा दादर के जंगल में हुई। हॉक फोर्स और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली। एसपी आदित्य मिश्रा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अभी भी ऑपरेशन जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस को पचामा दादर के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद फोर्स यहां भेजी गई। मुठभेड़ में मारी गई तीनों महिला नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं।



### सीएम बोले- पुलिसकर्मियों को करेंगे पुरस्कृत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बालाघाट में आज मुठभेड़ में 4 नक्सलियों को मार गिराया गया है। जिसमें 3 महिलाएं और 1 पुरुष शामिल हैं। उनके पास से कई हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। प्रदेश सरकार इस घटना में अच्छे परिणाम लाने वाले पुलिसकर्मियों को जरूर पुरस्कृत करेगी।

### फरवरी में 4 महिला नक्सली मारी गई थीं

इससे पहले 19 फरवरी को भी बालाघाट पुलिस को बड़ी सफलता मिली थी। कान्हा के वनक्षेत्र सूपखार में रौंदा फारेस्ट कैंप के पास हुई मुठभेड़ में 4 महिला नक्सली मारी गई थीं। इनमें आशा, शीला, रंजीता और लख्खे मरावी शामिल थीं। इन पर कुल 62 लाख रुपए का इनाम था। ये 2015-16 से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय थीं।

# नवजोत सिद्धू बोले- राजनीति मेरा धंधा नहीं, मिशन:लोगों की सेवा के लिए तैयार

### माफिया राज खत्म करना जरूरी

अमृतसर (ए.)।

पंजाब कांग्रेस के नेता व पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू एक बार फिर से एक्टिव हो गए हैं। हाल ही में कपिल शर्मा शो में उनकी फिर से वापसी की चर्चा हो रही थी तो आज उन्होंने राजनीति में अपनी वापसी की भी बात की है। उन्होंने कहा कि वो राजनीति में कमाने नहीं आए थे। नवजोत सिंह सिद्धू आज अमृतसर के ज्ञानी टी स्टाल के बाहर नजर आए, जहां उन्होंने कहा कि वो कभी राजनीति को धंधा नहीं समझते। सिद्धू ने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब को माफिया की तरह चलाया जा रहा है। उनके अनुसार सरकार के पास राज्य के विकास का



कोई विजन नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे राजनीति में व्यापार करने नहीं, बल्कि परिवर्तन लाने आए थे। पिछले 30 सालों की सरकारों पर टिप्पणी करते हुए सिद्धू ने कहा कि सभी सरकारें माफिया के नियंत्रण में थीं। उन्होंने अपनी ईमानदारी का जिक्र करते हुए कहा कि 15 साल की राजनीति में उन पर कोई आरोप नहीं लगा।यह बयान 2027 के चुनावों से पहले आया है। इससे पहले उनकी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू ने भी अपनी बीमारी से ठीक होने के बाद राजनीति में वापसी की बात कही थी।

# 24 घंटे में कोरोना के 269 नए मरीज मिले: देश में अब तक 87 जानें गईं

## 7400 एक्टिव केस; राजस्थान में दो की मौत

**नई दिल्ली**(ए.)। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 269 नए केस सामने आए हैं। शनिवार सुबह 8 बजे तक देशभर में कोरोना के 7400 एक्टिव मामले हैं। वहीं मौत का आंकड़ा बढ़कर 87 हो गया। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 25 मौतें हुई हैं। शुक्रवार को राजस्थान और केरल में दो लोगों की कोरोना से मौत हो गई। राजस्थान में 70 साल की महिला और केरल में 82 साल के बुजुर्ग ने सांस लेने में



तकलीफ के चलते दम तोड़ दिया। राजस्थान में यह कोरोना से इस साल में यह दूसरी मौत है, जबकि केरल में जनवरी से अब तक 23 लोगों की जान गई है। केरल में इस वक्त देश के सबसे ज्यादा 2109 कोविड मरीज हैं। हालांकि, गुरुवार तक 2165 एक्टिव केस थे।

राजस्थान में शुक्रवार को कोरोना के 34 नए मरीज मिले। उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज के अटैच हॉस्पिटल में भर्ती 70 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला को सांस लेने में तकलीफ के कारण भर्ती कराया गया था। जांच में महिला की कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। इससे पहले जयपुर में पिछले महीने एक मरीज की मौत हुई थी।

# हिमाचल में भरभराकर गिरा पूरा पहाड़, लैंडस्लाइड से पहले ही रोका गया ट्रैफिक

### जानी नुकसान नहीं, रोड वाहनों के लिए बंद

भरमौर (ए.)।

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला में आज सुबह पूरा पहाड़ भरभराकर सड़क पर गिर गया। गनीमत यह रही कि कोई वाहन इसकी चपेट में नहीं आया। मौके पर मौजूद लोगों ने खतरे को भांपते हुए पहले ही ट्रैफिक रोक दिया। इसके बाद पहाड़ देखते ही देखते सड़क पर गिर गया। किसी ने इसका वीडियो बना दिया, जो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।



यह लैंडस्लाइड चंबा जिला के भरमौर विधानसभा क्षेत्र की बसु कुंडी सुनारा सड़क पर हुआ। पहाड़ी गिरने के बाद चार से पांच मिनट तक धूल के गुबार उड़ते रहें। पहाड़ी का मलबा सड़क से करीब 500 मीटर नीचे नाले में गया।

अब तक की सूचना के अनुसार, इमसें किसी प्रकार के जान व माल का नुकसान नहीं है। मौके पर मौजूद लोग भागो-भागो करके पहाड़ी के नीचे के लोगों को अलर्ट कर रहे हैं।

# राजस्थान-मध्यप्रदेश में दिनभर लू चली, शाम को बारिश

## असम के गुवाहाटी में बाढ़ के हालात; यूपी के वाराणसी में टेम्परेचर 42 डिग्री, ट्रांसफार्मर फेल

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ (ए.)।

मानसून ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है। पिछले 6 दिन से पड़ रही तेज गर्मी के बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश के कई शहरों में शनिवार शाम को बारिश हुई। राजस्थान के श्रीगंगानगर, बीकानेर, अजमेर में प्री-मानसून एक्टिव रहा। शुक्रवार को श्रीगंगानगर देश का सबसे गर्म शहर था। यहां तापमान 49.4 डिग्री पहुंच गया था।

वहीं उत्तर प्रदेश के वाराणसी और मथुरा में अभी भी गर्मी और लू से राहत नहीं मिली है। वाराणसी में 42 डिग्री टेम्प्रेचर के कारण ट्रांसफॉर्मर फेल हो गए, जिन्हें कूलर से ठंडा किया गया। मथुरा में पारा 41 डिग्री पहुंच गया। यहां स्प्रिंकलर से



सड़कों पर पानी छिड़का गया।

IMD के वैज्ञानिक नरेश कुमार ने बताया कि मानसून महाराष्ट्र में एक्टिव है। अगले दो दिनों में गुजरात की ओर बढ़ेगा, फिर ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों को कवर करेगा। मध्य प्रदेश में 16 जून तक मानसून की एंट्री हो सकती है।

पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश का दौर जारी है। यह अगले दो दिनों में और ज्यादा असर दिखाएगा। शनिवार को असम के गुवाहाटी में बारिश के बाद आई बाढ़ से जन-जीवन प्रभावित हुआ है।

उधर बीती रात पुणे में भारी बरसात हुई। पिंपरी चिंचवड़ शहर की सड़कों पर पानी भर गया। नाले में चार से पांच गाड़ियां बह गईं, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।

राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश में गर्मी रहेगी, लू का अलर्ट है। वहीं पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में बारिश का अलर्ट है। उत्तराखंड, सिक्किम, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, कोंकण, गोवा, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और ओडिशा में भारी बारिश का अलर्ट है।

गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ, छत्तीसगढ़, झारखंड,पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने वाली 41 संस्थाएं सम्मानित

## इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 20 यूनिट ब्लड का संग्रहण





**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने वाली 41 सामाजिक संस्थाओं को जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक की और से प्रशस्ति पत्र एवं रक्तदान जागरूकता अभियान की समन्वयक संस्था पुष्पा श्री फाउंडेशन व स्व श्री मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास द्वारा शील्ड एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत में गत 12 जून को अहमदाबाद में हुऐ विमान हादसे में दिवंगतों की आत्मशांति के लिए दो मिनिट का मौनधारण किया गया। जिला चिकित्सालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विजयपुर विधायक श्री मुकेश मल्होत्रा, सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना, डॉ एसके तिवारी, प्रोफेसर श्री अरविन्द दौहरे सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहें। इस अवसर पर जेसीआई के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 20 यूनिट ब्लड का संग्रहण भी हुआ। विधायक श्री मल्होत्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कराहल विकासखण्ड में भी रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान को गति देने की आवश्यकता है, इसके लिए अपनी ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। सिविल सर्जन एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ आरबी गोयल ने बताया कि ब्लड बैंक में रक्त की मांग और आपूर्ति में अंतर को कम करने के लिए पंचायत स्तर पर रक्त दान शिविरो के नियमित आयोजन की पहल की जा रही है। इस वर्ष ब्लड बैंक से 5000 यूनिट ब्लड की आपूर्ति की गई, जबकि वर्षभर में रक्तदान शिविरों के माध्यम से 1500 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ जो गत वर्ष की तुलना में बेहतर रहा है। रक्तदान जागरूकता अभियान के समन्वयक एवं स्व. श्री मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास से जुडे श्री महावीर गुप्ता ने कहा कि श्योपुर जिले में रक्तदान जागरूकता अभियान की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा गति देने का कार्य किया गया है, उन्होने कहा कि इसके लिए सभी पदाधिकारी धन्यवाद के पात्र है। इस अवसर पर रक्तदान आयोजक संस्थाओं के पदाधिकारियों प्रो डॉ ओपी शर्मा, श्री रामभरत मीणा सरपंच जैनी एवं डॉ धर्मेंद्र सिंह जाटव ने भी उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम में पूर्व सिविल सर्जन डॉ एसके तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन रक्तदान जागरुकता अभियान के समन्वयक एवं पुष्पाश्री फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री अरुण ओसवाल ने किया। उन्होंने रक्क्तदान जागरूकता अभियान सफलता में अमूल्य योगदान के लिए,रक्क्तदान शिविरों की सभी आयोजक संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ब्लड बैंक में रक्त की सतत आपूर्ति के लिए रक्तदान शिविरो के आयोजन के सिलसिले को और अधिक तेजी के साथ आगे बढ़ाने के काम मे अनवरत सहयोग का अनुरोध किया। इस अवसर पर 15 जून 2024 से 14 जून 2025 की अवधि में रक्क्तदान शिविरों के आयोजन के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं, समितियों युवा ओढ़ समाज सेवा समिति, फखरुद्दीन दाउदी मित्र मंडल, शोसल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया, ग्राम पंचायत जैनी, यूनुस अली नकवी मित्र मंडल, नीरज जाट मित्र मंडल, स्व कन्हैया लाल अग्रवाल स्मृति सेवा समिति, पुष्पा श्री फाउंडेशन, नेहरू युवा केन्द्र, स्व मनोज गर्ग स्मृति सेवा समिति, स्व आजाद खान पोस्ट मेन स्मृति सेवा समिति, भाजपा युवा मोर्चा, आशीष मिश्रा मित्र मंडल ओछापुरा, विद्युतेश्वर महादेव सेवा समिति, भारत स्काउट एंड गाइड, दिनेश साहू मित्र मंडल, साजिद मेव मित्र मंडल, दैनिक भास्कर, एचडीएफसी बैंक, क्षेत्रीय बैरवा महासभा, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बत्तीसा सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्सव समिति, मनोहर सुमन स्मृति सेवा समिति, एनएसएस पीजी कॉलेज, अशोक कुमार गर्ग मित्र मंडल, स्व ज्योति सर्राफ स्मृति सेवा समिति, वैश्य माहसम्मेलन युवा इकाई, अंजुमन-ए-नजमी जमात एवं उमूर सेहत कमेटी, स्व मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा समिति, प्रेस क्लब, एनसीसी पीजी कॉलेज, उमंग हेल्थ-वेलनेस प्रोग्राम पीजी कॉलेज, नेटवर्क मेन्युफेक्करिंग बिजनिस प्रा लि, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमसर, तन्मय मेडीकल सोई, ग्राम पंचायत तुलसेफ, भारत विकास परिषद, ओबीसी महासभा, भारतीय रेडक्रोस सोसाइटी, श्रीमति पोस्ती रावत स्मृति सेवा समिति एवं जेसीआई श्योपुर को सम्मानित किया गया।

# अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

## आडीटोरियम में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम



**श्योपुर ब्यूरो।** अतंर्राष्टीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर जिला एवं ब्लॉक तथा पंचायत स्तर पर सामुहिक योग कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम नगरपालिका के शिवपुरी रोड स्थित आडीटोरियम में होगा। योग फॉर वन अर्थ-वन हेल्थ थीम पर सामुहिक योग का कार्यक्रम प्रातः 06 बजे से शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्षो की भांति 21 जून 2025 को 11वे अतंर्राष्टीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए योग फॉर वन अर्थ-वन हेल्थ थीम निर्धारित की गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा अतंर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौपे गये है। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्टीय योग दिवस की तैयारी हेतु प्रतिदिन श्री हजारेश्वर मेला ग्राउंड माता मंदिर नगर पालिका पानी की टंकी के पास, बस स्टैण्ड रैन बसेरा तथा पीजी कॉलेज में योगअभ्यास किया जा रहा है। उन्होने नागरिको से अपील की है कि प्रतिदिन योग पूर्वाभ्यास हेतु उक्त स्थान पर प्रातः 5.30बजे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ उठाये। उन्होने बताया कि बुजुर्ग, दिव्यांग एवं बच्चे जो योगाभ्यास शिविर में आने में असमर्थ है, उन्हें गूगल मीट के द्वारा लिंक के माध्यम से ऑनलाइन योगाभ्यास कराया जा रहा है। लिंक के माध्यम से योग स्थल से सीधा जोडकर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कोई भी नागरिक लिंक के माध्यम से योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है।

# मिशन अंकुर के तहत शिक्षको का प्रशिक्षण संपन्न



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जनपद शिक्षा केन्द्र कराहल में मिशन अंकुर कार्यक्रम के तहत विकासखण्ड स्तरीय एफएलएन गणित रिफ्रेशर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। 9 जून से 14 जून तक 6 बैच में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 240 प्राथमिक शिक्षको ने भाग लिया। प्रत्येक बैच के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बीआरसी श्री अजय रावत ने बताया कि एफएलएन गणित रिफ्रेशर प्रशिक्षण भोपाल से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर श्री बृजेश गुप्ता, श्री मुनेश तोमर, सुश्री शोभा सोनी, श्री शैलेन्द्र दीक्षित द्वारा प्रदान किया गया। उन्होने बताया कि प्राथमिक स्तर के बच्चों की गणित में दक्षता के लिए उक्त प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

# लाफ्टर कामेडी शो 15 जून को







**श्योपुर ब्यूरो।** नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में संचालित मेला श्री हजारेश्वर महादेव के दौरान मेला रंगमंच पर 15 जून रविवार को रात्रि 9 बजे से लाफ्टर शो का आयोजन किया जा रहा है। इस शो में मुम्बई के प्रसिद्ध हास्य कलाकारों रविन्द्र जॉनी, जूनियर जॉनी लीवर रामेश्वर, राजा रेनचों एवं सुनील सांवरा द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जायेगी। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग एवं मेला अध्यक्ष श्रीमती नाथी बाई ने सभी नागरिको से उक्त आयोजन में पधारने का अनुरोध किया है।

# कलेक्टर ने इच्छुक विद्यार्थियों से की आईटीआई में एडमिशन लेने की अपील

## श्योपुर, विजयपुर, कराहल आईटीआई के प्रवेश की अंतिम तिथि 16 जून, अग्निवीर भर्ती में आईटीआई पास युवाओं को बोनस अंक

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जिले के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावको से शासकीय आईटीआई संस्थानों में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की अपील की है, उन्होने कहा कि यह कोर्स रोजगार प्राप्त करने के लिए एक व्यावहारिक और प्रभावी विकल्प प्रदान करते हैं। इन कोर्स के बाद न केवल सरकारी क्षेत्र में बल्कि निजी क्षेत्र में भी रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध है, इसके साथ ही कौशल विकास एवं दक्षता निजी व्यवसाय करने के लिए भी बेहतर विकल्प प्रदान करती है। जिले में तीन शासकीय आईटीआई संचालित है। उन्होंने बताया कि कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आईटीआई संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। इसके लिए 16 जून तक ऑनलाइन आवेदन एवं च्वांइस फिलिंग की जा सकती है। आईटीआई प्राचार्य श्री आशीष जैन ने बताया कि आईटीआई पास छात्रों को अग्निवीर भर्ती में बोनस अंक दिये जाने का प्रावधान भी किया गया है। कक्षा 10 वीं के बाद 2 वर्ष का आईटीआई कोर्स करने के बाद 20 अंक प्रदान किए जाते है, कक्षा 12 वीं के बाद 1 वर्ष का आईटीआई कोर्स करने के बाद 30 अंक प्रदान किए जाते है, कक्षा 12 वीं के बाद 2 वर्ष का आईटीआई कोर्स करने के बाद 40 अंक प्रदान किए जाते है।

**आईटीआई श्योपुर में यह ट्रेड हैं संचालित**

आईटीआई श्योपुर में 05 व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित हैं। जिनमें कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मैकेनिक डीजल, स्टेनोग्राफर (हिंदी) शामिल हैं।

**आईटीआई कराहल में यह ट्रेड हैं संचालित**

आईटीआई कराहल में 03 व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित हैं। जिनमें कोपा, इलेक्ट्रीशियन वेल्डर, सोलर टेक्नीशियन शामिल हैं।

**आईटीआई विजयपुर में यह ट्रेड हैं संचालित**

आईटीआई विजयपुर में मैकेनिक डीजल, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, कोपा और हिन्दी स्टेनोग्राफर ट्रेड संचालित है।

# आकाशीय बिजली के घायलों से मिलकर लिया उपचार का जायजा

## मृतक के परिजनों को 4 लाख की सहायता



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा गत रात्रि को जिला अस्पताल पहुंचकर ग्राम सेमरा में आकाशीय बिजली गिरने की घटना में घायल हुए लोगों से भेंट की गई और उनके उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव भी मौजूद रहें। कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने अस्पताल में भर्ती सभी 8 घायलों से मुलाकात कर चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली एवं निर्देश दिए कि घायलों को बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही उक्त घटना में मृतक स्व. श्रीमती मीता पत्नि श्री देवराज आदिवासी निवासी सेमरा के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# जिला स्तरीय शिविर बगवाज में कल



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय श्योपुर द्वारा कैरियर मार्गदर्शन अंतर्गत वायुसेना में अग्निवीर की भर्ती के संबंध में प्रशिक्षण एवं जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर भोपाल से आये वायु सेना भर्ती अधिकारियों द्वारा सीएम राईज स्कूल के विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना की अग्निपथ योजना अंतर्गत मार्गदर्शन दिया गया। 15 एयरमैन सिलेक्शन सेंटर भोपाल से आए सार्जेंट श्री एमके विष्ट ने विद्यार्थियों को अग्निवीर वायु सेना भर्ती के पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से बताया। जबकि कॉरपोरल श्री एस जाना ने विद्यार्थियों को पात्रता संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया के लिए उम्मीदवार, अविवाहित पुरुष एवं महिलाएं जो भारतीय नागरिक हैं और 17 से 21 वर्ष की आयु के हैं वे आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य श्री अशोक खंडेलवाल द्वारा प्रशिक्षण अधिकारियो का आभार व्यक्त किया गया।

## धरती आभा अभियान अंतर्गत शिविर 15 से जिला स्तरीय शिविर बगवाज में कल

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार धरती आभा अभियान अंतर्गत जिले के तीनों विकासखंड में 15 जून से 30 जून तक शिविर आयोजित किये जा रहे है। अभियान अंतर्गत शिविरों का शुभारंभ कल 15 जून को सुबह 10 बजे से ग्राम बगवाज स्थित पंचायत भवन पर आयोजित जिला स्तरीय शिविर के माध्यम से किया जायेगा। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री रिशु सुमन ने बताया कि शिविर के दौरान आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र, केसीसी, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुद्रा ऋष्टा सहित अन्य रोजगारमूलक योजनाओं में लाभ, पीएम मातृत्व योजना आदि का लाभ प्रदान किया जायेगा। उन्होने बताया कि आदिवासी विकासखण्ड कराहल के 56 ग्रामों में, विजयपुर के 89 ग्रामों में तथा श्योपुर विकासखण्ड के 98 ग्रामों में 15 जून से 30 जून तक शिविर आयोजित किये जायेंगे। उन्होने बताया कि शिविर के लिए नोडल अधिकारी तथा सहयोगी दल नियुक्त किये गये है।

# जिले के बाल आशीर्वाद योजना के अनाथ बालकों से की मुलाकात



**दतिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अरबिंद उपाध्याय द्वारा दतिया जिले के अनाथ एवं बेसहारा बालक-बालिकाओं से मुलाकात की। कार्यक्रम अधिकारी श्री उपाध्याय ने आज शनिवार को रेलवे स्टेशन, सपा पहाड़, सिविल लाईन, पठ्ठापुरा, दॉतरे की नरिया ,सायनी मोहल्ला, गायत्री गार्डन एवं आनंद टॉकीज आदि स्थानों पर भ्रमण कर फ्लोअप लिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री उपाध्याय ने मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के ऐसे बच्चों से मुलाकात की जिनके माता पिता की मृत्यु हो गई थी एवं वे बेसहारा होकर विषय परिस्थिति में जीवन यापन कर रहें थे। उन्होंने ऐसे बच्चों का बाल आशीर्वाद योजना अंतर्गत सर्वे करवाकर उनको पुनः परिवारिक माहौल देने हेतु परिवार में ही विस्थापित कर बाल आशीर्वाद योजना का लाभ देकर उनकी शिक्षा एवं स्वास्थ्य, पोषण की आवश्यकता की जरूरत हेतु योजना का लाभ दिया ताकि बच्चों के माता पिता न होने की स्थिती में शिक्षा प्रभावित न हो। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री उपाध्याय ने दुवारा बच्चों से मुलाकात कर उनकी पढ़ाई लिखाई में बारे में जानकारी लेकर उनकी नये सत्र की पुस्तके, स्कूल यूनीफोर्म, पूर्व वर्ष की अंक सूची, शासन द्वारा भेजी जा रही बैंक खातों की राशि चैक की।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री उपाध्याय द्वारा संरक्षक माता पिता जैसे मामा-मामी, मौसा-मौसी, ताउ-ताई, नाना-नानी एवं दादा-दादी से बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं पोषण की महत्वपूर्ण जानकारी देकर बताया कि जब बच्चों का मानसिक, शारीरिक विकास होता है तब आयरन, विटामिन व खनिज तत्वों की अधिक आवश्यकता होती है। उन्होने पोषक माता-पिता को समझाते हुये कहा कि मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वास्थ रहने के लिये बच्चों को योग, प्राणायाम एवं पोषक आहार दिनचर्या में शामिल करना चाहिये। बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद व मनोरंजन के साथ लगातार गीत, संगीत, पेटिंग, कराटे व अन्य प्रतियोगी गतिविधियों में रूचि लेकर नये कार्य लगातार सीखते रहने देने का अवसर दिये जाने से बच्चे का बेहतर विकास किया जा सकता है। ताकि हमारे प्यारे बच्चे भी जब बडे हो तो वे अपने जीवन में सफ्ल होकर आंगे बढ़ सके व जीवन में सफ्ल हो सके।

# जिले में 100 दिवसीय नि-क्षय कार्यक्रम एवं स्वस्थ्य यकृत मिशन अंतर्गत नॉन एल्कोहलिक फेटी लिवर डिसीज परीक्षण शिविर का एस.ए.एफ29वीं बटालियन में हुआ आयोजन

## 89 व्यक्तियों का किया गया परीक्षण, चिकित्सकों ने उचित सलाह भी प्रदान की



**दतिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.के वर्मा के निर्देशन में 100 दिवसीय नि-क्षय कार्यक्रम एवं स्वस्थ्य यकृत मिशन अंतर्गत नॉन एल्कोहलिक फेटी लिवर डिसीज उपचार हेतु जिले में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय 29वीं बटालियन के सभा परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत सीएमएचओ डॉ. बी.के. वर्मा द्वारा की गई। इस मौके पर जिला क्षय अधिकारी डॉ. विशाल वर्मा, डॉ. सौमित्र बुधौलिया जिला कार्यक्रम अधिकारी, ए.एस.एफ के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ. वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में 89 व्यक्तियों का परीक्षण किया गया। इनमें से 43 व्यक्तियों का चेस्ट एक्स-रे किया गया। एक व्यक्ति टीबी संदिग्ध पाया गया। 6 व्यक्ति शुगर से प्रभावित मिले। 12 व्यक्तियों का ब्लड प्रेसर बढ़ा हुआ पाया गया। इसके अलावा 42 व्यक्तियों में बीएमआई निर्धारित मापदण्ड से अधिक पाया गया। उन्होंने कहा कि शिविर में सेवाऐं दे रहे चिकित्सकीय दल ने सभी प्रभावितों को जांच उपरांत उचित समझाईस देते हुए गर्मी के मौसम में विशेष रूप से स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह भी दी। उल्लेखनीय है कि इसी तरह अंतिम शिविर 16 जून, 2025 को पीताम्बरा पीठ दतिया में आयोजित किया जावेगा। सीएमएचओ डॉ. बी.के. वर्मा ने जिले के नागरिकों से उल्लेखित तिथियों में आयोजित होने वाले शिविरों में पहुंचकर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# जिले में शासकीय शालाओं संचालन प्रात 7 बजे से होगा

**दतिया।** कलेक्टर श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल ने आदेश जारी कर वर्तमान में जिले में बढ़ती गर्मी के भीषण प्रकोप तथा मौसम का तापमान अधिक होने के कारण शालाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न हो इसको दृष्टिगत रखते हुए जिले में संचालित समस्त शासकीय शालाओं का संचालन प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस दौरान निर्धारित परीक्षाऐं पूर्व निर्धारित समयानुसार संचालित होंगी। उक्त आदेश 16 जून से 30 जून 2025 तक के लिए प्रभावशील रहेगा।

# जौरा के प्रणव अवस्थी ने NEET UG में लहराया परचम, घर बैठे हासिल की MBBS में सीट

**जौरा।** स्थानीय निवासी प्रणव अवस्थी, श्री मयंक अवस्थी के सुपुत्र, ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET UG) 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया में 19106वीं रैंक प्राप्त कर MBBS में अपना प्रवेश सुनिश्चित कर लिया है। प्रणव की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने बिना किसी अन्य शहर जाए, घर पर रहकर ही अपनी पढ़ाई पूरी की और यह सफलता हासिल की। प्रणव की इस उल्लेखनीय सफलता से उनके परिवार और सभी शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। परिजनों ने बताया कि प्रणव ने कड़ी मेहनत, लगन और सही रणनीति के साथ घर पर ही तैयारी की, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। यह उपलब्धि उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं। प्रणव अवस्थी ने साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और लगन से घर बैठे भी बड़ी मंजिल हासिल की जा सकती है।



# बीरपुर में मिला भुतहा डॉ अंबेडकर महाविद्यालय, कभी नहीं खुलता ताला

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**बीरपुर।** वीरपुर कस्बे में भैरव शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित डॉ अंबेडकर महाविद्यालय तहसीलदार की जांच में भुतहा साबित हुआ है। बताया गया है कि उक्त अशासकीय महाविद्यालय जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त है।जिसमें सैकड़ो छात्रों के ऐडमिशन हर वर्ष किए जाते हैं।मेन बाजार में सुंतीदेवी धर्मशाला के कमरे में महाविद्यालय का नाम लिखा हुआ है किंतु यह नाम ही नाम है।यह कमरा कभी नही खुलता है।यह महाविद्यालय पूरी तरह कागजो में संचालित है।जिसमें कागजो में ही स्टाफ पदस्थ है और कागजो में ही एडमिशन।इतना ही नहीं इस भुतहा महाविद्यालय का वेरिफिकेशन भी जीवाजी यूनिवर्सिटी की टीम द्वारा कागजो में ही कर दिया जाता है।वीरपुर क्षेत्र के कुछ छात्रों का कहना है हमारे एडमिशन सबलगढ़ में सुनहरा रोड पर किये जाते है।इस फर्जी महाविद्यालय की खबर जब कलेक्टर श्योपुर तक पहुंची तब उन्होंने तहसीलदार बीरपुर को जांच करने का आदेश दिया। कलेक्टर महोदय के आदेश के पालन में दिनांक 14/06/2025 को तहसीलदार द्वारा प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय विजयपुर को साथ लेकर संयुक्त रूप से अशासकीय डॉ अंबेडकर महाविद्यालय वीरपुर का शाला समय में भौतिक निरीक्षण किया गया तो पाया उक्त महाविद्यालय एक जीर्ण शीर्ण भवन पर महाविद्यालय का नाम लिखा है मौके पर ताला लगा हुआ था ।कोई उपस्थित नही मिला मोहल्ले के पंचों द्वारा बताया गया उक्त महाविद्यालय नाम मात्र को कभी कभार खुलता है ।न कोई छात्र है न कोई स्टाफ ।चूंकि महाविद्यालय भवन में ताला लगा होने से अंदर कोई निरीक्षण नहीं किया जा सका।

## संपादकीय

# दिदि ममता के राह में कांटे

पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। भारतीय जनता पार्टी ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता से सीधे ममता बनर्जी को निशाने पर लेकर जबरदस्त अभियान की रूपरेखा खींच दी है। इससे संकेत मिलता है कि चुनाव तक आरोपों की धार पिछले चुनाव से भी तीखी हो जाने वाली है। ममता पर राज्य को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, स्त्रियों और हिन्दुओं पर अत्याचार और दुराचार का केंद्र बना देने का आरोप लगाकर गृह मंत्री अमित शाह ने विजय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार, हिंसा और घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उनके अनुसार दशकों तक हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व करने वाले बंगाल में ममता दीदी ने आकर इस भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, अपराध और हिन्दुओं पर अत्याचार का केंद्र बना दिया। शाह ने कार्यकर्ताओं को जोश दिलाते हुए याद दिलाया कि यह वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की भूमि है। ज्ञान, धर्म, स्वतंत्रता संग्राम समेत हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व करने वाले बंगाल में 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर सत्ता में आने वाली ममता बनर्जी ने बंग भूमि को अपराध, बम धमाकों और हिन्दुओं पर अत्याचार का केंद्र बनाकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान और तृणमूल कांग्रेस के चुनाव जीतने के बाद भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं की हत्या की गई। बंगाल में हिंसा आज भी जारी है। दीदी आपका समय पूरा हो गया है और 2026 में पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। हिम्मत हो तो बिना हिंसा के चुनाव कराकर देखिए, आपकी जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने ममता बनर्जी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का विरोध कर महिलाओं की भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया और राज्य की महिलाओं से चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को सिंदूर की कीमत समझा देने की अपील की। गृहमंत्री का संबोधन पूरी तरह चुनावी था। छन्होंने हर उस बिंदु को छुआ को मतदाता को रास आता है। उनके संबोधन से चुनावी लड़ाई के तीखेपन का संकेत मिलता है। हालांकि वह जानते हैं मुकाबला कितना कड़ा है। राज्य में पिछले चुनावों का भाजपा का अनुभव सुखद नहीं रहा है। 2011 से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठी ममता भाजपा के आरोपों की काट करने के लिए क्या रणनीति अपनाएंगी यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन इस बार उनकी भी राह में कांटे जरूर बिछे हैं।

# अलौकिक सिद्वियों के स्वामी थे नीम करौली महाराज

(रमाकांत पंत-विभूति फीचर्स)



मानव समाज के उत्थान के लिए योगी संतों का समय समय पर इस वसुंधरा में पर्दापण होता रहा है इसी भूमि पर साधना करके संतों ने संसार में ज्ञान का जो प्रकाश फैलाया उसकी महत्ता समूचा विश्व जानता है,देवभूमि उत्तराखण्ड की धरती में स्थित कैंची मंदिर विराट स्वरूप के धनी विश्व प्रसिद्ध संत नीम करौली महाराज की अमूल्य धरोहर है, इनकी उपमा परोपकारी संतो में अतुलनीय है

हिमालय की गोद में बसा उत्तराखण्ड का यह क्षेत्र प्रकृति की अमूल्य अलौकिक धरोहर है। यहां की पावन रमणीक वादियों में पहुंचते ही सांसारिक मायाजाल में भटके मानव की समस्त व्याधियां यूं शांत हो जाती है, जैसे अग्नि की लौ पाते ही तिनका भस्म हो जाता है। यहां की ऐतहासिक धरोहर रूपी रमणीय गुफाएं, सुंदर मनभावन मंदिर यहां आने वाले हर एक व्यक्ति को अपनी ओर आकर्षित करने में पूर्णत~ सक्षम हैं। ऋषि-मुनियों की आराधना व तपस्थली के रूप में प्रसिद्ध इस पावन भूमि के पग-पग पर देवालयों की भरमार है। सुन्दर झरने कल-कल धुन में नृत्य करती नदियां अनायास ही पर्यटकों व श्रद्धालुओं को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं। देवभूमि उत्तराखण्ड की अलौकिक वादियों में से एक दिव्य रमणीक लुभावना स्थल है कैंची धाम।

कैंची धाम जिसे नीम किरौली धाम भी कहा जाता है, उत्तराखण्ड का ऐसा तीर्थस्थल है, जहां वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। अपार संख्या में श्रद्धालु व भक्तजन यहां पहुंचकर अपनी आराधना व श्रद्धा के पुष्प श्री करौली महाराज के चरणों में अर्पित करते हैं। हर साल 15 जून को यहां एक विशाल मेले का आयोजन होता है। भक्तजन यहां पधारकर अपनी श्रद्धा व आस्था को व्यक्त करते हैं, कहा जाता है कि यहां पर श्रद्धा एवं विनयपूर्वक की गई पूजा कभी भी व्यर्थ नहीं जाती। यहां पर मांगी गई मनौती पूर्णतया फलदायी कही गई है। इस क्षेत्र के आस्थावन भक्त बताते है। बाबा नीम करौली महाराज महान योगीराज थे।

जनपद नैनीताल की सौन्दर्यशाली वादियों में स्थित %कैंची धाम का मंदिर समस्त उत्तराखण्ड सहित देश-विदेश के तमाम श्रद्धालुओं की आस्थाओं का केंद्र है।

भवाली के समीपस्थ स्थित इस मंदिर की स्थापना को लेकर कई रोचक कथाएं जनमानस में खासी प्रसिद्ध हैं। बाबा नीम करौली महाराज की अनुपम कृपा से ही इस स्थान पर मंदिर की स्थापना की गई। कहते हैं कि 1962 के आसपास श्री महाराज जी ने यहां की भूमि पर कदम रखा तथा उनके चरणों की आभा पाकर भूमि धन्य हुई। जब वे सन् 1962 के लगभग यहां पहुंचे तो उन्होंने अनेक चमत्कारिक लीलाएं रचकर जनमानस को हतप्रभ कर दिया। एक चमत्कारिक कथा के अनुसार माता सिद्धि व तुलाराम शाह के साथ बाबा नीम करौली महाराज किसी वाहन से जनपद अल्मोड़ा के रानीखेत नामक स्थान से नैनीताल को आ रहे थे। अचानक वे कैंची धाम के पास उतर गये। इस बीच उन्होंने तुलाराम जी को बताया कि श्यामलाल अच्छा आदमी था, उन्हें यह बात अच्छी नहीं लगी, क्योंकि श्यामलाल जी उनके समधी थे। भाषा में %था% के उपयोग से वे बेरूखे हो गए। खैर किसी तरह मन को काबू में रखकर वे अपने गंतव्य स्थल को चल दिये। बाद में उन्हें जानकारी मिली कि उनके समधी का हृदय गति रूकने से निधन हो गया। कितना अलौकिक दिव्य चमत्कार था बाबा नीम करौली महाराज का कि उन्होंने दूर घटित घटना को बैठे-बैठे ही जान लिया। इस तरह की अनेक चमत्कारिक घटनाएं बाबा नीम करौली महाराज से जुड़ी हैं।

इसी तरह 15 जून, 1991 को घटी एक चमत्कारिक घटना के अनुसार कैंची धाम में आयोजित भक्तजनों की विशाल भीड़ में बाबा ने बैठे-बैठे इस तरह निदान करवाया कि जिसे यातायात पुलिसकर्मी घंटों से नहीं करवा पाए। थक हार कर उन्होंने बाबा की शरण ली। आखिरकार उनकी समस्याओं का निदान हुआ। यह घटना आज भी खासी चर्चाओं में रहती है।

इसके अलावा एक बार यहां आयोजित भंडारे में घी की कमी पड़ गई थी। बाबा जी के आदेश पर नीचे बहती नदी से कनस्तर में जल भरकर लाया गया। उसे प्रसाद बनाने हेतु जब उपयोग में लाया गया तो वह जल घी में परिणित हो गया। इस चमत्कार से आस्थावान भक्तजन नतमस्तक हो उठे।

# सांस्कृतिक मेलों के अस्तित्व पर संकट

(डॉ. सुधाकर आशावादी-विनायक फीचर्स)




भारत बहुसंस्कृति वाला देश है। पर्वों की अद्भुत श्रृंखला में भारत के कोने कोने में विशेष पर्व और मेले आयोजित होते रहते हैं। मेलों का एक निश्चित समय होता है तथा मेले किसी विशिष्ट परम्परा का निर्वहन करते हैं । यही कारण है कि कुछ मेले आदिकाल से अपनी विशिष्ट पहचान के लिए प्रसिद्ध हैं, किंतु जब से बाज़ारवादी व्यवस्था ने समाज में प्रवेश किया है तथा घर बैठे उपयोगी सामग्री मंगाने का चलन प्रारम्भ हो गया है। इन मेलों पर अपने अस्तित्व को बचाने का संकट मंडराने लगा है । एक समय था कि जब देश के कुछ परिवारों के लिए मेले ही आजीविका का प्रमुख साधन थे। व्यापारी मेलों के माध्यम से ही वर्ष भर अपनी आजीविका चलाते थे । उत्तर भारत में अलीगढ़ से चलने वाली मेला श्रृंखला बुलन्दशहर होते हुए मेरठ के मेला नौचंदी तक का सफ़र तय करती थी, तदुपरांत मुज़फ़्फ़र नगर की नुमाइश से आगे बढ़ा करती थी। अब कुछ भी समयानुसर नहीं चल रहा । मेलों के माध्यम से अपना भरण पोषण करने वाले झूला संचालकों, सर्कस संचालकों, व्यवसाइयों के सम्मुख रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। उत्तर भारत के प्रख्यात मेले नौचंदी का ही उदाहरण लें, तो स्पष्ट होगा कि देश भर के अनेक मेलों की तरह यह भी अपना ऐतिहासिक स्वरूप बचाए रखने हेतु जूझ रहा है। कारण स्पष्ट है कि जिन मेलों का आयोजन विशिष्ट समय पर किया जाना अपेक्षित होता है। वे मेले प्रशासनिक उदासीनता के चलते अपनी विशिष्ट ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को नकारकर सरकारी औपचारिकता और धन की बंदरबाँट तक ही सीमित रह गए हैं। एक समय था कि जब मेला नौचंदी उत्तर भारत में साम्प्रदायिक सद्भाव की मिसाल होता था। मेले का आनंद लेने के लिए मेरठ में दूरदराज़ से नाते रिश्तेदार इकट्ठा हुआ करते थे। मेले में अपने सामान की बिक्री करने के लिए देश विदेश से व्यापारी आया करते थे। बरेली का फ़र्नीचर, कन्नौज की इत्र, भागलपुर की चादरें, कुछ अन्य विशिष्ट सामग्री जो केवल मेले में ही उपलब्ध हुआ करती थी। सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों में विश्व विख्यात विद्वान भागीदारी किया करते थे । कवि सम्मेलन, मुशायरा, क़व्वाली , सिने स्टार नाइट मेले को यादगार बनाने में बड़ी भूमिका निभाते थे। तम्बू में थिएटर, एक से अधिक सर्कस, नौटंकी मनोरंजन के सशक्त माध्यम हुआ करते थे । मेला होली पर्व के उपरांत एक रविवार को छोड़कर दूसरे रविवार से आयोजित किया जाना अनिवार्य होता था। यह वह समय होता था कि जब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ नववर्ष में चण्डी माता का व्रत धारण करने वाले श्रद्धालु माँ चण्डी के मंदिर के प्रसाद चढ़ाने आते थे तथा मंदिर के ठीक सामने बाले मियाँ की मज़ार पर रात भर क़व्वालियों की महफ़िल जमा करती थी। अब मेला ढाई तीन माह के विलम्ब से प्रारम्भ होता है। ऐसे में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की औपचारिकता मात्र निभाई जाती है। बिना दर्शकों के मेला पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। हर कोई जानता है कि जैसे जैसे आम आदमी जागरूक हो रहा है। वैसे वैसे मेलों के माध्यम से सरकारी धन की बंदरबाँट के लिए प्रभावशाली लोग नए नए मार्ग खोज रहे हैं। सत्ता से जुड़े लोग मेलों के आयोजन में अधिक सक्रिय भूमिका निभाते हैं तथा मेला आयोजन के लिए बनाए गए बजट का दुरुपयोग करने में पीछे नहीं रहते।

## शब्द सामर्थ्य -079

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 078 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

## सु- दोकू क्र.079

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.078 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष** आज आपका दिन शानदार रहेगा। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपके बहुत महत्वपूर्ण काम पूरे होने के योग बन रहे है। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन रहेगा और इसका सकारात्मक असर आपके व्यक्तित्व पर भी पड़ेगा। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार से चल रही गलतफहमी दूर होगी , जिससे आपके रिश्ते सुधरेंगे। स्टूडेंट को करियर संबंधित मेहनत के अच्छे नतीजे मिलेंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं, बढ़िया इंजॉय करेंगें। किसी अनजान की हेल्प कर के आज अपने आप को कुछ बेहतर महसूस करेंगे।

**वृषभ** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आपका टैलेंट और पर्सनेलिटी लोगों को पता चलेगी। आध्यात्मिक गतिविधियों में भी कुछ समय बीतने से मानसिक सुकून रहेगा। अपने से बड़े अनुभवी और समझदार लोगों का साथ मिलेगा , आपको उनसे बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। आज घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा। लवमेट के साथ मुलाकात का मौका मिलेगा , कुछ जरुरी बातें होगी। आज आपको कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा।

**मिथुन** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज बिजनेस में काम करने के तरीको में बदलाव संबंधी नीतियों पर गंभीरता से विचार करेंगे। नई कार्यप्रणाली संबंधी योजनाएं सफल रहेंगी। नौकरी में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी। प्रमोशन की खबर मिलने के योग हैं। आज सकारात्मक सोच और संयमित दिनचर्या आपको सेहतमंद और ऊर्जावान रखेंगी। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा , जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगें। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी।

**कर्क** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप नए कार्यों को कुछ समय के लिए स्थगित रखेंगे, बिजनेस के अधूरे कामों पर ज्यादा ध्यान देंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव करने की सोच रहे हैं तो वास्तु के नियमों का ध्यान रखेंगे, आपके लिए अच्छा रहेगा। आज ऑफिस में अपना कार्य सहयोगी की मदद से समय पर निपटा लेंगे। आज जीवनसाथी और परिवार वालों में आपसी तालमेल रहेगा। आज आप अपनी किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जायेंगे जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। लम्बे समय से चल रही किसी समस्या का आज हल जरुर निकलेगा।

**सिंह** आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज कार्यस्थल की अंदरूनी व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जरूरत है। इससे काम करने के तरीकों में सुधार होगा। आज आप हर काम अपनी देखरेख में ही करवाएं। ऑफिस में कुछ लोग आपकी उन्नति से जलन की भावना रख सकते हैं। आज मन मुताबिक तरीके से सभी काम निपटाते जाएंगे, जिससे काम का बोझ कम होगा। सामाजिक कामों में आपकी मौजूदगी से तारीफ मिलेगी। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर पूरी तरह ध्यान दें। दांपत्य जीवन में खुशियां आएँगी घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**कन्या** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी भी फोन कॉल को नजरअंदाज न करें, आपको कुछ विशेष सूचना मिल सकती है। करीबी इंसान की मदद करके आपको खुशी मिलेगी। घर की व्यवस्था को उचित बनाने में आपकी कोशिश कामयाब रहेगी। आज परिवार के साथ किसी उत्सव में जाने का मौका मिलेगा, नए लोगों से मुलाकात होगी। आज ऑफिस में टीम वर्क से बेहतर नतीजे मिलेंगे, बॉस आपकी तारीफ करेंगें। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे अच्छा लगेगा ,उनके प्रति लागाव बढेगा। आज रुके हुए कार्यों में प्रगति होगी।

**तुला** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपनी योजनाओं को व्यवस्थित करेंगे, इससे उन पर काम करने में मदद मिलेगी। दूसरों की बजाय अपनी खूबियों पर भरोसा रखेंगे , जिससे आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक संबंध मजबूत होंगे। परिवार के साथ मनोरंजन और घूमने में कुछ समय बीतेगा। आज उच्च वर्ग के लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा। अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की जरूरत है। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज बिजनेस के काम करने के तरीके का जिक्र दूसरे से न करें , थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है। नौकरी और बिजनेस में कोई भी महत्वपूर्ण फैसला आज न लें। चुनौतियों और परेशानियों वाला समय है। स्टूडेंट्स को प्रतियोगी परीक्षा में पास होने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज परिवार के लोग साथ में थोड़ा समय बीताएंगे तो खुशहाली आएगी। लवमेट के साथ मुलाकात का मौका मिलेगा।

**धनु** आज आपका दिन महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेगा। आज टाइम मैनेज करना आपकी योग्यता पर निर्भर करता है। बातचीत करते समय ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें जिससे बाद में आपको पछताना पड़े। आज बीती हुई कुछ पुरानी बातें हावी होने से आपका मनोबल कमजोर हो सकता है। ध्यान और मेडिटेशन से आप मानसिक तौर पर स्वस्थ रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे, सोचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। राजनीति से जुड़े लोग आज सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे, मान सम्मान की प्राप्ति होगी।

**मकर** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज मीडिया, मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों के लिए सफलता का समय है। बिजनेस में आसपास के लोगों से चल रही प्रतिस्पर्धा में सफलता के लिए और मेहनत की जरूरत है। नौकरी कर रहे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान देंगे। आज स्वभाव में लचीलापन लाएं, इसका फायदा आपको जरुर मिलेगा। आपकी जिद से पारिवारिक समस्या बढ़ सकती है। प्रतियोगी परिक्षा के छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द ही अच्छे अंक हासिल होंगे। आपके वेतन में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके काम समय मुताबिक पूरे होते जाएंगे, आप पूरे आत्मविश्वास से कोशिश करते रहें। वाहन खरीदने की योजना है तो दिन शुभ है। व्यस्तता के बावजूद रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ थोड़ा समय बीतेगा, काम का स्ट्रेस कम होगा। आज किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को कम न होने दें। असमंजस में विश्वसनीय लोगों से सलाह-मशवरा करें। निश्चित ही आपको बेहतर समाधान मिलेगा। किसी बात को आज आप अपने परिवार वालों के साथ शेयर करेंगे, आपको समाधान अवश्य मिलेगा।


**मीन** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज फैशन डिज़ाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा , जिससे आपके बिजनेस को ग्रोथ मिलेगी। आज बिजनेस में अटका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आज आप गलतियों से सीख लेकर अपने काम करने के तरीको में बदलाव करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में चल रही अनबन में सुधार होगा, दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। जो लोग लम्बे समय से किसी बीमारी से पीड़ित है , आज उनको राहत मिलेगी।

## - अहमदाबाद विमान हादसा

# आसमान में उठते भरोसे के सवाल और भविष्य की उड़ानों का सबक

**12 जून का दिन भारतीय नागरिक उड्डयन के इतिहास में एक काला अध्याय जोड़ गया और देश को कभी न मिटने वाला दर्द दे गया। अहमदाबाद में हुए भयावह विमान हादसे में 250 से अधिक लोगों की मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। जो लोग कुछ घंटे पहले तक अपने गंतव्य की ओर आशा और मुस्कान के साथ रवाना हुए थे, उन्हें क्या पता था कि वे ज़िंदगी की अनंत यात्रा पर ले जाएगी। यह महज एक हादसा नहीं था, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही, तकनीकी निरीक्षण की अनदेखी और सुरक्षा मानकों की उपेक्षा का वीभत्स परिणाम है।**

- डॉ. केशव पाण्डेय



अहमदाबाद के मेघानी नगर के साथ ही पूरे देश के लिए 12 जून एक काला दिन बन गया है। एयर इंडिया की विमान ।171 बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर टेकऑफ के महज दो मिनट बाद एक घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्र में क्रैश हो गया। यह दुर्घटना अपने आप में एक दोहरी त्रासदी थी। पहला यह कि आसमान में विमान में सवार 242 लोगों में एक को छोड़ सभी की जान चली गई, और जमीन पर मेघानी नगर के बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल और स्टाफ क्वार्टर्स में पांच मेडिकल स्टूडेंट्स सहित कई लोग असमय ही काल के गाल में समा गए।

देश में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी घनी आबादी वाले इलाके में विमान दुर्घटना हुई है। इस हादसे न केवल विमानन सुरक्षा पर सवाल पैदा किए हैं, बल्कि हवाई अड्डों के आसपास बस्तियों के अनियोजित विस्तार को भी एक गंभीर चिंता का विषय बना दिया।

इस हादसे के बाद अब लोगों को उड़ान भरने से पहले मन में यही डर सताएगा कि क्या उनकी यात्रा सकुशल संपन्न होगी। क्योंकि मन में प्रश्न इस बात का रहगा कि क्या अब आसमान भी सुरक्षित नहीं है।

देखा जाए तो, देश में पिछले कुछ वर्षों में हवाई यात्रा आम लोगों के लिए जितनी सहज और सुलभ बनी है, सुरक्षा मानकों की उतनी ही अनदेखी होती गई है। तकनीकी खामियां, अधूरी मरम्मत, अनट्रेंड स्टाफ और तात्कालिक दबावों में उड़ान भरना अब आम हो गया है। अहमदाबाद हादसा इस सच्चाई को उजागर करता है कि हमने गंतव्य तक पहुँचने की जल्दी में सुरक्षा की प्राथमिकता को खो दिया है। जिसका नतीजा सामने है।

हादसे में हुई 250 लोगों की मौत अब एक आंकड़ा नहीं बल्कि उनके परिजनों और रिश्तेदारों के लिए अनकही कहानियां बन गया है। मरने वालों में न केवल पुरुष और महिलाएँ थीं, बल्कि दर्जनों मासूम बच्चे भी थे, जिन्होंने अभी जीवन की एबीसीडी तक नहीं जानी थी। यह मौतें सिर्फ एक विमान दुर्घटना की त्रासदी नहीं हैं, बल्कि हमारे तंत्र की असफलता और जवाबदेही की कमी का करुण परिणाम है।



हर एक शव, हर एक टूटे और बिखलते परिजनों की पुकार यही कह रही है, क्या ये हादसा रोका नहीं जा सकता था?

अब सवाल उठता है कि आखिर कहां हुई चूक?

हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्टों में जो बातें सामने आ रही हैं, वे और भी ज्यादा चौंकाने वाली हैं। जिसमें बताया गया है कि विमान में पुराने इंजन की मरम्मत में लापरवाही, वॉरनिंग सिग्नलों को नजरअंदाज करना, ग्राउंड स्टाफ की हड़बड़ी और पायलट की थकान। ये सारी बातें बताती हैं कि यह सिर्फ एक 'दुर्घटना' नहीं, बल्कि एक 'चेतावनी' थी, जिसे पहले ही गंभीरता से लिया जाना चाहिए था।

इस हादसे ने रणनीतिकारों और एयरपोर्ट अथोरिटी को भविष्य की उड़ानों के लिए सबक छोड़ा है। क्योंकि अब वक्त आ गया है कि हम सिर्फ दु:ख प्रकट करने की रस्में न निभाएं और फोटो सेशन न कराएं बल्कि ठोस और कठोर निर्णय लें। इसके लिए जरूरी है कि सभी हवाई अड्डों पर अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट हो। पुराने विमानों को चरणबद्ध हटाया जाए। पायलटों और तकनीकी स्टाफ के लिए नियमित ट्रेनिंग और मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन अनिवार्य किया जाए। यात्रियों को सुरक्षा मानकों की पूरी जानकारी और अधिकार सुनिश्चित किया जाए।

इसके लिए सरकार और एयरलाइंस की साझा जिम्मेदारी बनती है कि वे इस हादसे की निष्पक्ष और तेज़ जांच कराएं और दोषियों को बिना देर के सख्त सजा दी जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो यह हादसा भी केवल मीडिया की टीआरपी और सोशल मीडिया की संवेदनाएं बनकर रह जाएगा।

सरकार की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह हर उस हवाई यात्री के मन में विश्वास पैदा करे कि अब आपकी यात्रा सुरक्षित है। क्योंकि अहमदाबाद हादसे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि हमने अभी कदम नहीं उठाए, तो आसमान में उड़ान भरना हर भारतीय के लिए भय और जोखिम का प्रतीक बन जाएगा।

हम तकनीकी रूप से भले ही 'विकसित राष्ट्र' बनने की ओर अग्रसर हों, लेकिन यदि हमारी व्यवस्थाएं मानव जीवन की रक्षा नहीं कर सकतीं, तो वह विकास खोखला है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हवाई यात्रा अब सिर्फ आराम और सुविधा नहीं, बल्कि बेहद जिम्मेदार नियोजन और अनुशासन की मांग करती है। अब समय है जागने का। वरना अगली उड़ान किसी और परिवार के लिए शोक बन जाएग।

# दलहन-तिलहन फसलों के साथ मोटे किस्म के अनाज उत्पादन के क्षेत्र विस्तार को प्राथमिकता दें - कमिश्नर

## उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार में कृषि व पशुपालन विभाग सहयोग करे - कमिश्नर

**रीवा ब्यूरो।**




कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा रबी फसल की उपलब्धियों तथा खरीफ फसल की तैयारियों के संबंध में संभागीय बैठक की पूर्व तैयारी बैठक में समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दलहन-तिलहन के साथ मोटे किस्म के अनाज उत्पादन के क्षेत्र विस्तार को प्राथमिकता दें। साथ ही उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार में कृषि व पशुपालन विभाग समन्वय व सहयोग के साथ कार्य करे।

कमिश्नर ने कहा कि खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। रीवा संभाग में सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि हो रही है जिससे खेती के और अधिक बेहतर होने की संभावनाएं हैं। खेती को आधुनिक बनाने के लिए किसानों को उन्नत तकनीक के बारे में जानकारी दें। खेती के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्यपालन से कृषकों को जोड़कर उनके आर्थिक विकास में सहभागी बनें। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान में प्राप्त सुझावों को भी कार्ययोजना में शामिल करते हुए फसलवार वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार करें। समन्वित प्रयासों से ही खेती व उससे संबद्ध अन्य गतिविधियों को शामिल कर किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सकता है।

कमिश्नर ने कहा कि किसानों को कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए जागरूक करते हुए स्प्रिंकलर के माध्यम से सिंचाई सुविधाओं के लिए प्रेरित करें। गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर लाई वैल्यू क्रॉप को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बोये जाने वाले रकबे के अनुरूप प्रमाणित बीज की उपलब्धता का आकलन करें। नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को प्रेरित करें तथा मिट्टी परीक्षण के अनुरूप फसल उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि धान के स्थान पर मोटे अनाज के उत्पादन के लिए किसानों को जागरूक करते हुए इनके बाजार की उपलब्धता की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने ऊषा-16 अरहर किस्म के उत्पादन की सूची संकलित करने तथा पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बीज वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## स्वास्थ्य मंत्री श्री शुक्ल की पहल से रीवा में स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मिली नई गति

**रीवा ब्यूरो।**

जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और नागरिकों के स्वास्थ्य की बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने में उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री राजेंद्र शुक्ल का मार्गदर्शन बेहद अहम रहा है। उनके नेतृत्व में जिले में व्यापक स्वास्थ्य जांच अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, जो गंभीर बीमारियों की शुरुआती पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में रीवा जिले में स्वस्थ यकृत मिशन निरंतर जारी है। इस मिशन में जन-जागरूकता और जांच अभियान के तहत अब तक 46,977 लोगों का लीवर स्वास्थ्य परीक्षण हो चुका है, जिससे हजारों नागरिकों को समय रहते अपने यकृत की स्थिति का पता चल सका है। नोडल एनसीडी कार्यक्रम डॉ. सुनील अवस्थी ने बताया कि जिले भर में कुल 24,993 पुरुषों और 21,984 महिलाओं की शारीरिक जांच की गई है। यह समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। जांच के दौरान, 6,449 पुरुषों की कमर की परिधि 90 सेमी और 6,626 महिलाओं की कमर की परिधि 80 सेमी से अधिक पाई गई, जो संभावित स्वास्थ्य जोखिमों का संकेत देती हैं। जांच में मिले परिणामों ने कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने रखे हैं। कुल 46,977 जांचों में से 9,394 व्यक्तियों में बॉडी मास इंडेक्स स्कोर 23 डीबी/एम से अधिक पाया गया, जो लीवर में वसा जमा होने की संभावना की ओर इशारा करता है। इन मामलों में तत्काल चिकित्सा परामर्श और आगे की जांच की आवश्यकता है। मिशन ने गैर-अल्कोहलिक फैटी लीवर रोग के लिए कुल 364 व्यक्तियों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास संदर्भित किया है, जिससे उन्हें सही समय पर उपचार मिल सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि स्वस्थ यकृत मिशन रीवा का उद्देश्य केवल जांच करना नहीं, बल्कि लोगों को लीवर स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

# प्रत्येक व्यक्ति को विधि की जानकारी होना चाहिए - न्यायाधीश श्री राठौड़



**रीवा ब्यूरो।**

विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन न्यायालय परिसर एडीआर भवन में किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। शिविर में न्यायाधीश श्री सुधीर सिंह राठौड़ ने कहा कि समाज में विधि का शासन है। प्रत्येक व्यक्ति को विधि की जानकारी होना चाहिए। विधि की जानकारी होने से व्यक्ति को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी रहती है। यदि उसके अधिकारों का उल्लंघन होता है तो विधि के उचित फोरम में जाकर न्याय प्राप्त कर सकता है। श्री राठौड़ ने निःशुल्क विधिक सहायता, विभिन्न विधियों तथा जमानत संबंधी कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में मृतात्माओं को श्रद्धांजली भी अर्पित की गई। शिविर का संचालन अधिवक्ता अनीस पाण्डेय ने किया। शिविर में विधि के विद्यार्थी और अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गोल पहाड़िया से जीवाजीगंज तक चला स्वच्छता अभियान

**ग्वालियर कांस।**



नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत गोल पहाड़िया से जीवाजीगंज तक अभियान चलाकर सडकों की साफ सफाई कराई गई। निगम आयुक्त संघ प्रिय ने बताया कि निगम अमले ने शनिवार को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत गोल पहाड़िया से जीवाजी गंज तक स्वच्छता का कार्य किया गया एवं दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर स्वच्छता के पम्पलेट्स भी लगाए गए और समझाइश दी गई। इसके साथ ही सडक पर डिवाइडर्स और फुटपाथ के आसपास की मिट्टी और कचरा साफ करवाया गया तथा दुकानदारों को रोड पर साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने कचरा ना जलाने की सलाह दी एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम के उपायों के बारे में समझाया गया। कचरा डस्टबिन में ही डालने हेतु जुर्माना सम्बन्धी बोर्ड और स्टीकर लगाए गए और स्वच्छता का संकल्प दिलवाया गया।

# कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने किया कोलार तहसील न्यायालयों का निरीक्षण

**भोपाल ब्यूरो।**

कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को तहसील कोलार कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील के तीनों कोर्ट – तहसीलदार, नायाब तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी कोर्ट का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने आरसीएमएस प्रकरणों का मिलान कर अधिकारियों को समय-सीमा में समस्त प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरण विधिवत पंजीबद्ध हों, कोई भी प्रकरण बिना पेशी के ना हो तथा पारित आदेशों का तत्काल अमल कर खसरे में दर्ज करते हुए आवेदक को निःशुल्क प्रति प्रदान की जाए।रिकॉर्ड रूम की अव्यवस्थित स्थिति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और नवीन तहसील कार्यालय भवन का निरीक्षण कर रिकॉर्ड रूम को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेरा प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई कर वसूली सुनिश्चित करने तथा उच्च न्यायालय एवं सिविल न्यायालय के प्रकरणों में समय पर जवाब/दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# लक्ष्य से अधिक सशस्त्र सेना झंडा निधि एकत्रित करने पर संभागायुक्त सम्मानित



## राज्यपाल की ओर से पूर्व कर्नल ने भेंट किया प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह

**भोपाल ब्यूरो।**

शहीद सैनिकों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों तथा सशस्त्र सेना झण्डा निधि में लक्ष्य से अधिक राशि एकत्रित कर सहयोग करने पर राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल की ओर से संभाग आयुक्त श्री संजीव सिंह को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल की ओर से रिटायर्ड कर्नल श्री राजीव खत्री द्वारा आयुक्त श्री संजीव सिंह को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह शुक्रवार को संभागायुक्त कार्यालय में प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि भूतपूर्व सैनिकों तथा शहीद सैनिकों के परिजनों के कल्याण हेतु वर्ष 2024-25 में भोपाल संभाग के द्वारा निर्धारित लक्ष्य 32 लाख 10 हजार 900 रुपये के विरूद्ध 33 लाख 72 हजार 381 रुपये की राशि एकत्रित कर प्रदान की गई है।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### इजराइल-ईरान संघर्ष का भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर, आम आदमी को झेलनी पड़ेगी दिक्कत!

**नई दिल्ली,ए.।** ईरान और इजरायल के बीच तनाव शनिवार को और बढ़ गया, जब एक-दूसरे के खिलाफ कई हवाई हमले किए गए. यह हमला तब हुआ जब इजरायल ने अपने पुराने दुश्मन को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के लिए अब तक का सबसे बड़ा हमला किया. इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ते तनाव ने एक व्यापक सैन्य संघर्ष की आशंका को जन्म दिया है. इससे अस्थिर पश्चिम एशिया को और भी गहरे संकट में धकेलने का खतरा है, जिसका बाकी दुनिया पर भी गंभीर आर्थिक और भू-राजनीतिक असर पड़ सकता है. वैश्विक तेल कीमतों, व्यापार और क्षेत्रीय स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभाव के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी इसका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण इस क्षेत्र में उड़ान संचालन बाधित हुआ है. इजराइल का मुख्य हवाई अड्डा अगली सूचना तक बंद कर दिया गया है. इजरायल की ध्वजवाहक एल अल एयरलाइंस ने इजरायल से आने-जाने वाली उड़ानें निलंबित कर दी हैं. ईरान ने अगली सूचना तक अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है, सूत्रों ने सरकारी मीडिया और पायलटों को दिए गए नोटिस का हवाला देते हुए बताया.

एयर इंडिया ने कहा कि उसने यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर न्यूयॉर्क, वैंकूवर, शिकागो और लंदन से आने वाली उड़ानों को डायवर्ट कर दिया है या उन्हें वापस लौटने पर मजबूर कर दिया है.

इराक ने भी अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है, जिससे उसके हवाई अड्डों पर सभी यातायात निलंबित हो गया है. जॉर्डन के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा कि इजरायल के ऑपरेशन के कई घंटे बाद देश का हवाई क्षेत्र सभी उड़ानों के लिए बंद कर दिया जाएगा.

फ्लाइटराडार24 के आंकड़ों के अनुसार कतर एयरवेज ने शुक्रवार को दमिश्क के लिए अपनी दो उड़ानें रद्द कर दीं.

ईरान पर इजरायल के हमलों से तेल की कीमतें बढ़ गईं. अमेरिकी बेंचमार्क कच्चे तेल की कीमत 8.2 फीसदी या 5.6 डॉलर (482 रुपये) बढ़कर 73.61 डॉलर (6,337 रुपये) प्रति बैरल हो गई. अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 5.52 डॉलर (475 रुपये) बढ़कर 74.88 डॉलर (6,446 रुपये) प्रति बैरल हो गई.

पश्चिम एशिया में तनाव ने भारत के बाजारों को भी चिंतित कर दिया. शुक्रवार को तेल और गैस शेयरों की वजह से भारतीय शेयरों में गिरावट आई. शुक्रवार की सुबह 9-35 बजे तक निफ्टी 50 1.21 फीसदी गिरकर 24,586.7 पर आ गया और बीएसई सेंसेक्स 1.2 फीसदी गिरकर 80,710.56 पर आ गया.

ईरान पर इजरायल के हमलों के बीच सोने की कीमतों में उछाल आया और यह करीब दो महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया. अनिश्चितता के समय में सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है.

भारत की आर्थिक सेहत ओमान की खाड़ी, होर्मुज जलडमरूमध्य, फारस की खाड़ी से गुज़रने वाले व्यापार मार्गों की सुरक्षा और स्वेज नहर को पार करके यूरोपीय बाजारों में प्रवेश करने के लिए लाल सागर में सुरक्षित शिपिंग मार्ग पर काफी हद तक निर्भर करती है.

इजराइल-ईरान युद्ध की संभावना इन व्यापार लाइनों को जोखिम में डालती है. लंबे समय से चल रही अशांति और ईरान पर जारी अमेरिकी प्रतिबंधों ने पहले ही महत्वपूर्ण भारत-ईरान चाबहार बंदरगाह परियोजना में देरी कर दी है, जिसका उद्देश्य मध्य एशियाई बाजारों को जोड़ना है.

भारत में शिपिंग कंपनियां चिंतित हैं कि अगर मौजूदा संघर्ष बढ़ता है, तो सुरक्षा जोखिमों के कारण जहाजों को फिर से मार्ग बदलने या उच्च बीमा प्रीमियम का भुगतान करने की आवश्यकता होगी. होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण व्यापार पारगमन चोकपॉइंट है. चोकपॉइंट वैश्विक व्यापार के लिए महत्वपूर्ण व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले वैश्विक समुद्री मार्गों के साथ संकीर्ण चैनल हैं. जहाजों की एक प्रमुख चोकपॉइंट से गुजरने में असमर्थता, यहां तक कि अस्थायी रूप से भी, आपूर्ति में काफी देरी पैदा कर सकती है और शिपिंग लागत बढ़ा सकती है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल: 27 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने के सपने से 69 रन दूर द.अफ्रीका

## -मार्कराम और बावुमा ने पलटी बाजी



**लंदन ,ए.।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम का 27 साल पुराना आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सपना अब पूरा होने को है. लॉर्ड्स में खेले जा रहे आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के चौथे दिन वह अपने ऊपर से चोकर्स का टैग हटाने को बेताब होगा.

शुक्रवार को अफ्रीका ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के तीसरे दिन का खेल 56 ओवर में (213/2) पर समाप्त किया. अब वह ऐतिहासिक जीत से सिर्फ 69 रन दूर है. एडेन मार्कराम शानदार 102 रन बनाकर और कप्तान टेम्बा बावुमा 65 रन बनाकर मैदान पर टिके हुए हैं.

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 207 रन पर समाप्त होने और दक्षिण अफ्रीका को 282 रन के लक्ष्य का पीछा करने के लिए मजबूर करने के बाद अफ्रीकी टीम ने 2 विकेट जल्दी खो दिए. लेकिन, दाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज मार्कराम ने बल्लेबाजी के लिए सबसे अच्छी परिस्थितियों में दिन के अंत में 156 गेंदों का सामना करते हुए अपना 8वां टेस्ट शतक जड़कर कंगारुओं के पसीने छुड़े दिए. मार्कराम ने कप्तान टेम्बा बावुमा के साथ तीसरे विकेट के लिए 143 रनों की अटूट साझेदारी भी की, जिन्होंने बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगने और लंगड़ाते हुए रन दौड़ने के बावजूद 121 गेंदों पर नाबाद 65 रन बनाए. मार्कराम और बावुमा ने रन बनाने में संयम, सटीकता और अधिकार दिखाते हुए एक-दूसरे का साथ दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि दक्षिण अफ्रीका शनिवार को चौथे दिन कुछ खास करने की कगार पर है. अगर ऑस्ट्रेलिया को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखना है, तो उसे फाइनल के चौथे दिन कुछ असाधारण करने की जरूरत होगी. अंतिम सेशन की शुरुआत मार्कराम ने 69 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा करने के साथ की और जल्द ही बावुमा के साथ अपनी साझेदारी का अर्धशतक पूरा किया. मार्कराम के बल्ले से बाउंड्री निकल रही थी और बावुमा ने भी कुछ ड्राइव लगाए, इसका मतलब था कि दक्षिण अफ्रीका को कोई रोक नहीं सकता था, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी कप्तान ने 83 गेंदों में अपना 29वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया. इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी दर्शकों द्वारा मार्कराम के नाम की हूटिंग किए जाने के साथ, उन्होंने हेजलवुड की गेंद पर मिड-विकेट के ऊपर से फ्लिक करके अपना शतक पूरा किया, और दर्शकों की ओर अपना बल्ला हवा में लहराया. इस दौरान उनकी पत्नी निकोल और दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स भी स्टैंड में मौजूद थे.

# आरबीआई की बड़ी कार्रवाई: 6 बैंकों के लाइसेंस किए कैंसिल, 4 ने खुद किया सरेंडर...नहीं कर पाएंगे लेनदेन





**नई दिल्ली,ए.।** भारतीय रिजर्व बैंक न सिर्फ देशभर के सभी बैंकों को नियंत्रित करता है बल्कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को भी नियंत्रित करता है. जब भी कोई कंपनी नियमों का सही तरीके से पालन नहीं करती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई (आरबीआई की कार्रवाई) की जाती है. 12 जून को आरबीआई की एक और कार्रवाई सामने आई है.

पश्चिम बंगाल और ओडिशा में स्थित 6 एनबीएफसी का सर्टिफिकेट ऑफ रजिस्ट्रेशन यानी लाइसेंस रद्द कर दिया गया है. केंद्र सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी है. आरबीआई की इस कार्रवाई के बाद कंपनियों को गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान के तौर पर कारोबार करने की अनुमति नहीं होगी. यह कदम आरबीआई एक्ट 1934 की धारा 45आईए (6) के तहत उठाया गया है. ओडिशा के भुवनेश्वर में स्थित अधिकार माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड का सीईओआर रद्द करने का आदेश 22 मई को जारी किया गया था, कंपनी ने 22 अक्टूबर 2013 को सर्टिफिकेट मुहैया कराया था. भारतीय रिजर्व बैंक ने 16 मई 2025 को कोलकाता की पांच कंपनी एनबीएफसी का सीओआर रद्द करने का आदेश जारी किया है. इस सूची में बोबाजार की वोफिन लीजिंग एंड फाइनेंस लिमिट प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है, जिसे 23 मई 2008 को सीओआर दिया गया था. इसके अलावा आउट्रम प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड, एससीएम होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड, कलश व्यापार प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट विनिमय प्राइवेट लिमिटेड का भी सर्टिफिकेट ऑफ रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया है.

चार एनबीएफसी ने अलग-अलग कारणों से आरबीआई को अपने सीओआर सरेंडर कर दिए हैं.

मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित बेन्को फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड पमनानी कैपिटा प्राइवेट लिमिटेड ने एनबीएफआई कारोबार से बाहर निकलने के कारण अपना पंजीकरण प्रमाणपत्र सरेंडर कर दिया है।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद एयर इंडिया पर फूटा डेविड वार्नर का गुस्सा



**नई दिल्ली,ए.।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. वॉर्नर ने इस दुखद हवाई दुर्घटना के बाद एयर इंडिया की आलोचना भी की है. उन्होंने यह भी कहा है कि वह भविष्य में कभी भी उनके साथ उड़ान नहीं भरेंगे.

दरअसल, एयर इंडिया की एआई 171 फ्लाइट अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट से लंदन के गैटविक एयरपोर्ट के लिए रवाना हुई. एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस दुर्घटना में लगभग 274 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 241 लोग उड़ान के दौरान और 33 लोग जहां प्लेन की क्रैश लैंडिंग हुई वहां मौजूद थे.

विमान ने लगभग 625 फीट की ऊंचाई पर संतुलन खो दिया और उड़ान के कुछ ही मिनटों के भीतर अहमदाबाद के मेघानीनगर इलाके में बी.जे. मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान दुर्घटना में केवल एक व्यक्ति जीवित बचा था. 40 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक विश्वाश कुमार रमेश जिसने अपनी 11ए सीट से आपातकालीन एग्जिट लिया था. मामले की जांच चल रही है. वार्नर ने सोशल मीडिया यूजर विवेक के एक वीडियो पर टिप्पणी साझा की जो कथित तौर पर एयर इंडिया के पूर्व क्रू मेंबर थे और जिन्होंने विमान में कुछ समस्याओं की ओर इशारा किया था. मूल पोस्ट में लिखा था,अरे! मैं एयर इंडिया का पूर्व क्रू हूं और यह एक ऐसा विमान था जिसे मैं अक्सर उड़ाता था. इस विमान में कई सालों से समस्याएं हैं. क्रू, पायलट, इंजीनियर, हर कोई हमेशा लॉग बुक में इसके बारे में बताता रहा है लेकिन कंपनी के पास अपने सबसे कीमती गैटविक सेक्टर के लिए एक भी ड्रीमलाइनर नहीं था. यही कारण है कि हमें हमेशा इस विमान को उड़ाने के लिए बनाया गया था। इस पोस्ट को टैग करते हुए, वार्नर ने कहा कि वह फिर कभी एयर इंडिया के साथ उड़ान नहीं भरेंगे. वार्नर ने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू किया. बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 110 मैचों में 142.47 की स्ट्राइक रेट के साथ 3277 रन बनाए हैं।

# शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 14 अगस्त

## अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्रों के प्रवेश प्रारंभ



**मुरैना,कांस।** प्रदेश में इकलोता मात्र शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में 04 तकनीकी ट्रेडों के लिये प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त, 2025 निर्धारित की गई है। यह जानकारी तकनीकी शिक्षा मंत्रालय मध्यप्रदेश भोपाल से मुरैना पधारे उप संचालक डॉ. बी. लक्ष्मीनारायण ने दी है। उप संचालक श्री बी. लक्ष्मीनारायण ने बताया कि डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर योजनान्तर्गत एक मात्र तकनीकी महाविद्यालय मुरैना में संचालित है। इसमें 03 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं पात्रता के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्र मात्र कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रवेश पा सकेंगे। इस कॉलेज में इलेक्ट्रिकल, कम्प्यूटर साइंस, मैकेनिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन की ब्रांच संचालित है। प्रत्येक ब्रांच में 60-60 का इंटेक है। पढ़ाई 03 वर्ष में पूर्ण कर सकेंगे। प्रवेश के पश्चात् छात्र को प्रतिदिन 03 टाइम नाश्ता, सुबह-शाम भोजन, निःशुल्क आवास, निःशुल्क दो हजार रूपये की स्टेशनरी प्रति सेमेस्टर और प्रतिमाह 1 हजार रूपये छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि तीन वर्षीय डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद छात्र को कैम्पस सिलेक्शन होते है, सीधे नौकरी मिलती है। वह आगे पढ़ना चाहता है तो इंजीनियरिंग में उन्हें द्वितीय वर्ष में प्रवेश मिलेगा। उसे प्रथम वर्ष वहां पढ़ाई नहीं करनी होगी। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज महाविद्यालय में उच्च प्रशिक्षित अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य की सुविधा प्रदान की गई है। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। इच्छुक छात्र एमपी ऑनलाइन पर बाबा साहब अम्बेडकर योजनान्तर्गत डिप्लोमा पाठ्यक्रम में रजिस्ट्रेशन कराकर प्रवेश ले सकते है।

# खेल पुरूस्कार 2025 के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**मुरैना,कांस।** खेल पुरूस्कार-2025 (एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाषजोशी एवं लाईफटाईम एचीवमेंट पुरूस्कार) के लिये ऑनलाईन आवेदन 15 जून से 31 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किये जा रहे है। पुरूस्कार खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन के नवीन ÷पुरूस्कार नियम-2021÷ के अनुसार विगत् 05 वर्षा (01 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2025) में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किये जायेंगे। साहसिक खेल (समुद्र, जमीन एवं वायु आधारित) हेतु भी विक्रम एवं एकलव्य पुरूस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। संभागीय खेल अधिकारी श्री प्रशांत कुमार कुशवाह ने बताया कि पुरूस्कर हेतु पात्रता, पुरूस्कार राशि व अन्य शर्ते विभागीय वेबसाइट www.dsyw.mp.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदक विभागीय वेबसाइट पर दी गई लिंग से या सीधे https:\\anudan.dsy-wmp.gov.in तथा प्ले स्टोर से खेल और युवा कल्याण के "Anudan" App डाउनलोड करके भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदक को ऑनलाईन आवेदन करने के उपरान्त आवेदन की प्रति (जिस पर पंजीयन क्रमांक अंकित हो) के साथ खेल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेख की छायाप्रति संबंधित जिले के जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय, संचालनालय, खेल और युवा कल्याण, टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में 31 जुलाई 2025 तक जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र पुरूस्कार हेतु मान्य नहीं किए जायेंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला मुरैना के कार्यालय डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मुरैना पर सम्पर्क कर सकते है।

# विजयपुर में जारी है नव साक्षरता प्रशिक्षण

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



विजयपुर।विकास खंड विजयपुर में शाला प्रभारीयों को नव साक्षरता प्रशिक्षण तथा कक्षा 1 व 2 पढ़ाने वाले शिक्षकों का एफ एल एन प्रशिक्षण जारी है। राज्य शिक्षा केंद्र एवं जिला परियोजना समन्वयक के निर्देशानुसार बीआरसीसी अशोक शर्मा के द्वारा नियुक्त प्रशिक्षण प्रभारी उमाकांत वशिष्ठ और दर्शन लाल शाक्य के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण को प्रभावी और आकर्षक बनायें जाने के लिए सभी आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं एवं प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के समय कोई असुविधा ना हो, इसके लिए प्रशिक्षण प्रभारीयों को फ्री हैंड दिया गया है,जिससे वह परिस्थितियों और मास्टर ट्रेनरों की आवश्यकताओं के अनुरूप अच्छे से अच्छा कार्य कर सकें । प्रशिक्षणों के शुभारंभ और विद्यालयों के शुभारंभ में प्रार्थना सभा अनिवार्य रूप से हो, इसके लिए बीआरसीसी अशोक शर्मा ने अपील की है और पालन ना करने वाले शाला प्रभारीयों पर सख्त कार्रवाई के संकेत भी दिए हैं । बीआरसीसी श्री शर्मा ने प्रशिक्षण में गैरहाजिर रहने वालों के खिलाफ कार्यवाही की बात कही है।

# जिले में मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय पर 16 जून से 15 अगस्त तक प्रतिबंध

**मुरैना,कांस।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन के दृष्टिगत रखते हुये और उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य के सभी प्रकार के जल संसाधनों में जहां पर मत्स्य प्रजनन की संभावना को देखते हुये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1948 के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में अधिघोषित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार अधिनियम-1981 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5000 रूपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। जारी आदेशानुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी, नालों से नहीं है, और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन, मत्स्य क्रय-विक्रय न तो स्वयं करें और न ही इस कार्य में अन्य किसी को सहयोग दें।

# सड़क दुर्घटना में मृतक के वारिसान को 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मुरैना,कांस।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने तहसीलदार अम्बाह के प्रतिवेदन के आधार पर मृतक के वैध वारिसान को 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। विदित है कि 23 अप्रैल, 2024 को अम्बाह-मुरैना रोड़ पर ज्ञात वाहन सीएनजी ट्रक क्रमांक एम09-जीजे-0389 का चालक अपने ट्रक को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और पूठ रोड़ बड़फरा तहसील अम्बाह निवासी रामसेवक पुत्र ग्यासीराम माहौर में टक्कर मार दी, जिससे रामसेवक माहौर की मौके स्थल पर मृत्यु हो गई। इस पर सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने से मृतक रामसेवक माहौर के वैध वारिस पत्नि श्रीमती रामबेटी माहौर, निवासी पूठ रोड़ बड़फरा तहसील अम्बाह को सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण योजना के अन्तर्गत 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है।

# सर्पदंश से बालिका की मौत

**मुरैना,कांस।** जिले के पहाडगढ थाना क्षेत्र में सर्पदंश से किशोरी की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गोहलारी में निवास करने वाली 12 वर्षीय बालिका राखी पुत्री रमेश कुशवाह को घर पर खेलते समय सर्प ने डस लिया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने बालिका की मौत पर फरियादी केशव पुत्र संतू कुशवाह की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# झांसी मंडल के ग्वालियर भिंड रेलखंड पर वृहद स्तर पर टिकिट जांच अभियान



**झाँसी।** मंडल के ग्वालियर-भिंड रेलखंड पर वृहद स्तर पर टिकट जांच अभियान झाँसी मंडल के ग्वालियर-भिंड रेलखंड पर बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम एवं रेल यात्रा को अधिक अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु एक वृहद स्तर का टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस विशेष जांच अभियान में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं रेल सुरक्षा बल की टीमों द्वारा रेलखंड के सभी स्टेशनों पर गहनता से जांच की गई। इसके अंतर्गत न केवल ट्रेनों में यात्रियों की जांच की गई, बल्कि स्टेशनों के यात्री प्रतीक्षालयों एवं खानपान स्टालों की भी बारीकी से निगरानी की गई। अभियान की व्यापकता को देखते हुए स्टेशनों पर टिकट बुकिंग काउंटरों पर यात्रियों की कतारें देखी गईं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने की जागरूकता बढ़ी है। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने जैसे मामलों में 75 यात्री पकडे गए यात्रियों से नियमानुसार रु. 21235/- जुर्माना स्वरुप रेल राजस्व वसूल किया गया। इस अभियान की सफलता में सहायक वाणिज्य प्रबंधक आर के वर्मा, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रूप सिंह मीना, रेल सुरक्षा बल कर्मी, टिकट चेकिंग स्टाफ कृष्ण, सचिन, सचिन सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। झाँसी मंडल ने यह दृढ़ निश्चय किया है कि इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रखे जाएंगे, ताकि यात्रियों को एक सुरक्षित, आरामदायक एवं व्यवस्थित रेल सेवा प्रदान की जा सके।

# उपचार के दौरान दो की मौत

**मुरैना,कांस।** जिले के जौरा एवं स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में सडक हादसो में घायल हुए दो लोगो की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जौरा थाना क्षेत्र के छडिह गॉव में निवास करने वाले संदीप पुत्र माखनलाल जाटव उम्र 14 साल गौशाला के पास जा रहा था कि उसी समय ट्रेक्टर क्रमांक एमपी06 जेडडी 7790 के चालक रामवीर गुर्जर निवासी वार्ड क्रमांक 18 जौरा ने ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसी प्रकार स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में सडह हादसे में घायल हुए चिन्टू पुत्र बसंतलाल उम्र 35 साल निवासी नगलापुरी तहसील आगरा जिला आगरा को उपचार के लिए जयारोग्य चिकित्सालय की न्यूरो सर्जरी में भर्ती कराया गया था जहॉ उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। थाना पुलिस ने आरोपी वाहन चालको के खिलाफ मामले दर्ज किए गए है।

# अधिया सहित आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना,कांस।** पोरसा थाना पुलिस ने एक आरोपी को अवैध हथियार अधिया सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि आरोपी सतेन्द्र तोमर पुत्र जगदीश निवासी बडेपुरा पोरसा जौटई रोड पर 315 बोर की अधिया लेकर किसी वारदात की नियत से धूम रहा है, इस सूचना पर से पुलिस ने दविश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार जप्त कर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# युवक की संदिग्ध मौत

**मुरैना,कांस।** जिले के माता बसैया थाना क्षेत्र के ग्राम डोगरपुर किरार में निवास करने वाले युवक गुड्डू धोबी पुत्र छोटू धोबी निवासी कदमन का पुरा अम्बाह भोजन कर सो गया था जब सुबह उसे जगाया तो वह जगा नही उसे परिजन अस्पताल लेकर गए जहॉ चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना पुलिस ने फरियादिया श्रीमती सरोज पत्नी अशोक बाल्मीक की रिर्पोअ पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे परियोजना

## भीषण गर्मी में किसानों ने जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर चार गुना मुआवजा मांगा




**मुरैना,कांस।** ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे सड़क परियोजना सुसेरा गांव ग्वालियर से निकाली जा रही है। इसमें मुरैना जिले के भी लगभग 30 गांव प्रभावित हो रहे हैं उन गांवों के किसानों की जमीन अधिग्रहित होगी। यह सड़क परियोजना 88 किलोमीटर लंबी है। इसमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान के जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है उन्हें चार गुना मुआवजा दिया जा रहा है। लेकिन मध्य प्रदेश मुरैना जिले से होकर गुजरती इस सड़क परियोजना क्षेत्र की कलेक्टर गाइडलाइन (सरकारी रेट) 3 वर्षों से नहीं बढ़ाई गई है और मुआवजे के नाम पर भी सरकारी गाइडलाइन की रेट से 2 गुना मुआवजा देने की बात कही जा रही है और उसके लिए प्रशासन द्वारा अनावश्यक रूप से किसानों के बीच दवाव बनाकर उनसे खाता नंबर , पैन नंबर, आधार कार्ड आदि दस्तावेज लिए जा रहे हैं। जिससे किसानों में भारी आक्रोश है, किसान लगातार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से कलेक्टर गाइडलाइन की रेट बढ़ाने उसे दुगना करने और किसानों को बाजार की रेट से 4 गुना मुआवजा देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आज भी भीषण गर्मी में सैकड़ो किसान चंबल कॉलोनी पार्क में इकट्ठा हुए। तपती धूप में सड़क पर मार्च करते हुए किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां जाकर संयुक्त कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम और कलेक्टर के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया। जिसमें किसानों ने उक्त मांगे रखी है। इस दौरान किसानों को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि सरकार को किसानों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। उन्हें भी राजस्थान उत्तर प्रदेश की तरह बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा दिया जाए। साथ ही उन्होंने मध्य प्रदेश में भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू करने की मांग भी दोहराई। किसानों के जुलूस, रैली, ज्ञापन की कार्रवाई का नेतृत्व सर्वश्री मध्य प्रदेश किसान सभा के ओमप्रकाश श्रीवास, श्रीकृष्ण यादव, राम प्रकाश सिंह गुर्जर, जन्डैल सिंह गुर्जर, थान सिंह गुर्जर एडवोकेट, रामकिशोर शर्मा, अशोक कुमार, नरोत्तम नागर, राजेंद्र सिंह आदि ने किया। किसानों ने आगामी 17 जून को व्यक्तिगत रूप से आवेदन प्रस्तुत करने का पुनः निर्णय लिया है।

# झांसी मंडल के मुरैना स्टेशन पर यूनीफाइड पेंशन स्कीम हेतु जागरूकता शिविर आयोजित




**झांसी।** मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशन तथा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं मंडल कार्मिक कार्मिक अधिकारी अरुण सिंह तोमर के दिशानिर्देशों में तथा कार्मिक एवं लेखा शाखा के समन्वय से मुरैना स्टेशन पर यूनीफाइड पेंशन स्कीम जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। औपरेटिंग एवं सिग्नल एंड टैलिकौम अनुभाग हेतु एस.एस.ई/पी.वे./मुरैना कार्यालय में प्रातः 08.30 बजे से जागरुकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 60 कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। जागरुकता शिविर के दौरान कर्मचारियों को विस्तार से यूनीफाइड पेंशन स्कीम के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा कर्मचारियों के मध्य यूनीफाइड पेंशन स्कीम के सम्बंध में विध्यमान प्रचलित मिथकों को दूर करने का प्रयास किया गया। कर्मचारियों को यूनीफाइड पेंशन स्कीम के तहत 50त्न गारंटीड पेंशन, सेवा समाप्ति पर प्राप्त होने वाले परिलाभों, सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले लमसम भुगतान, 60त्न परिवार पेशंन, मंहगई भत्ते की गारंटी इत्यादि पर विस्त्रत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान कर्मचारियों को यू.पी.एस विकल्प फार्म भी वितरित किए गये।शिविर में प्रमुख रूप से मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक मनोज शर्मा द्वारा कर्मचारियों के मध्य विध्यमान यूनीफाइड पेशन स्कीम से सम्बंधित मिथकों को दूर करने का प्रयास किया गया।

जागरुकता कैंप में आर.सी.मीना, एस.एम./मुरैना, तरुण द्विवेदी, एस.एस.ई/पी.वे/मुरैना एवं दिनेश कुमार मीना, एस.एस.ई/टैली/मुरैना एवं अन्य पर्यवेक्षकों द्वारा सक्रीय प्रतिभागिता सुनिश्चित की गई।

# भागवत कथा के श्रवण से होता है आध्यात्मिक विकास

## धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए कृषि मंत्री के पुत्र एवं भाई



**मुरैना,कांस।** श्रीमद भागवत कथाा के श्रवण मात्र का ही मनुष्य के जीवन में विशेष महत्व है। कथा के श्रवण से आध्यात्मिक विकास होता है और जीवन में कई अहम सकारात्मक बदलाव भी आते है। भागवत कथा सुनने से मनुष्य को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है, जिससे उसके मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। यह बातें मप्र शासन के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना के भाई रघुवीर सिंह दद्दा एवं सुपुत्र कप्तान सिंह कंषाना बंकू ने शनिवार को भागवत कथा के धार्मिक आयोजनों में शामिल होने के अवसर पर कहीं। वे शनिवार को दिमनी क्षेत्र के डोंगरपुर किरार गांव में भागवत कथा के समापन अवसर पर हुए भंडारे में शामिल हुए और प्रसादी ग्रहण की। गांव के दुर्जनबाबा मंदिर पर हुए इस आयोजन में कथाचार्य पं. सतीशचंद्र पाराशर ने श्रद्धालुओं को लगातार सात दिनों तक भागवत कथा का रसपान कराया। इसी क्रम में रघुवीर सिंह कंषाना एवं कप्तान सिंह कंषाना शनिवार को सुमावली विधानसभा क्षेत्र के अटा गांव में पहुंचें।

जहां जादौन परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में शामिल होकर कथा का श्रवण किया। 10 जून से शुरू हुई कथा के पांचवें दिन शनिवार को कथाचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार श्रीकृष्ण से परिवार की रक्षा के लिए गोकुल को छोड़ा, उसी प्रकार मनुष्य को अपने परिवार की रक्षा के लिए साहस व दृढ़ता के साथ चुनौतियों का सामना करना चाहिए। कथाचार्य ने पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी, गोकुल त्याग, वृंदावन लीला, गिरिराज पूजन एवं 56 भोग दर्शन की कथा का वर्णन किया।

# वनविभाग की टीम व पुलिस पर आदिवासियों का हमला,गाड़ियां तोड़ी,पथराव किया

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



बीरपुर।पुलिस थाना रघुनाथपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मोरे का पुरा में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को बेदखली हटाने के लिए गए वन,पुलिस व राजस्व अमले पर अतिक्रमणकारी आदिवासियों ने हमला बोल दिया।बताया गया है कि मोरे का पुरा में वन विभाग की शासकीय भूमि पर आदिवासीसमाज के लोग अवैध कब्जा किये हुए थे।इस कब्जे से बेदखल करने के लिए वन विभाग का अमला मौके पर जेसीबी मशीन लेकर पहुंचा था।वन अमले के साथ नायब तहसीलदार बीरपुर व ओछापुरा,रघुनाथपुर और ढोढर तीन थानों की पुलिस थी।जैसे ही अमला गांव में पहुंचा,देखते ही बड़ी संख्या में आदिवासीसमुदाय की महिला व पुरूष डण्डे लेकर आ गए और पथराव शुरू कर दिया।इस अप्रत्याशित हमले में तीन सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हुये है और तीन वन कर्मियों को भी चोट आई है।हमलावर इतने ताकतवर थे कि तीन थानों की पुलिस को भी भागकर जान बचानी पड़ी।बताया गया है कि हमलावर आदिवासियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की कार्यवाही की गई है।

# कांग्रेस ने सृजन अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया

**मुरैना,कांस।** सुमावली विधानसभा क्षेत्र के चारों ब्लाक सुमावली बागचीनी सरायछौला शहर पश्चिम के सभी कार्यकर्ताओं की संगठन सृजन अभियान की बृहद बैठक का आयोजन जौरा रोड पर स्थित महाराज रिसोर्ट में किया गया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली के पर्यवेक्षक एवं आंध्रप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पुर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री रुद्र राजू ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संगठन के काम में प्राणप्रण से जुटने की अपील की श्री रुद्र राजू जी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोगों की दम पर बात भलीभांति कह सकता हूं कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का होगा 2028 में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ही सरकार बनेगी बेठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि मैं अर्जुन सिंह का कार्यकर्ता रहा हूं अर्जुन सिंह जी ने सिखाया है कि जो कार्यकर्ता सभी को साथ में लेकर चलेगा तभी पार्टी मजबूत होगी कार्यक्रम को पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्री लाखन सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की मंशा अनुरूप संगठन के कार्य में जुटना होगा तभी आने वाला समय में कांग्रेस अपना परचम लहरायेगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्री सत्यपाल सिंह सिकरवार शहर अध्यक्ष श्री दीपक शर्मा ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री मधुराज सिंह तोमर पूर्व विधायक श्री रविन्द्र सिंह तोमर सुमावली ब्लाक अध्यक्ष श्री भागचंद यादव बागचीनी ब्लाक अध्यक्ष श्री डरू सिंह सिकरवार सरायछौल ब्लाक अध्यक्ष श्री भरतलाल पचौरी शहर पश्चिम अध्यक्ष श्री रिंकू पचौरी जी एवं कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता कार्यक्रम में स्वागत भाषण ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री मधुराज सिंह तोमर ने दिया एक कार्यक्रम का आभार शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने किया कार्यक्रम का संचालन श्री मनोज सिंह सिकरवार जी ने किया बेठक के उपरांत दुबे गार्डन में जिला अध्यक्ष एवं ब्लाक अध्यक्षों के चयन को लेकर कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा एवं रायसुमारी हुई इस अवसर संगठन मंत्री सुभाष सिंह सिकरवार श्री जसवीर सिंह गुर्जर श्री सुल्तान सिंह सिकरवार श्री बच्चूसिंह जंडेल सिंह गुर्जर श्री अशोक सिंह सिकरवार मानवेंद्र सिंह सिकरवार गांधी, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह सिकरवार निरंजन सिंह सिकरवार श्री राजेन्द्र सिंह यादव जी नरेंद्र सिंह सिकरवार सूरज सिंह सिकरवार बनवारी लाल शर्मा सोनू सिंह सिकरवार राजेन्द्र मावई जी पूर्व जनपद सदस्य विजय सिंह सिकरवार भूपेंद्र सिंह सिकरवार श्री रामौतार शर्मा कक्का रामहेत शर्मा जी राकेश शर्मा जी साधू शर्मा सोनू मुद्गल भीकम सिंह कुशवाहा चरनसिंह कुशवाहा सरपंच प्रेम सिंह सिकरवार जी सरपंच शिवप्रताप सिंह सिकरवार धर्म सिंह सिकरवार रामस्नेही सिंह सुरेश सिंह सिकरवार पार्षद अरविंद सिंह रविंद्र सिंह कल्लू सिंह सिकरवार पूर्व सरपंच राजवीर सिंह तोमर झम्मू सिंह सिकरवार आशीष सिंह सिकरवार ताजपुर एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# ग्राम आलापुर में लगाया गया आयुष्मान आरोग्य शिविर

**जौरा।** उप स्वास्थ्य केंद्र आलापुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सी एच ओ विनोद जाटव, एएनएम पुष्पा शिवहरे, आशा सहयोगिनी रहीसा खान विशेष रूप से उपस्थित थीं इन के द्वारा ग्राम वासियों को उनके स्वास्थ के प्रति जागरुक करते हुए उनके ब्लड प्रेशर, शुगर,वजन, कमर की नाप एवं लंबाई आदि की स्क्रीनिंग करते हुए टीवी,एचआईवी, कुष्ठ आदि बीमारियों के प्रति जागरुक कर उन्हें मौखे पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया साथ ही स्वास संबंधी समस्या, गर्भवती महिलाओं एवं वृद्ध जनों को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया गया शिविर में आशा कार्यकर्ता श्रीमती उषा सेमिल, सीमा रजक,नूरजहां खान एवं ग्राम के महिला पुरुष व किशोरी बालिकाएं मौजूद थी।



# अगस्त-2025 तक आएगी प्रदेश की स्पेस-टेक पॉलिसी

## एमपी स्पेस-टेक पॉलिसी- संभावनाएँ और चुनौतियाँ' विषय पर हुआ मंथन

**भोपाल ब्यूरो।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में 'एमपी-टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव' 2025 में एक डेडिकेटेड स्पेस-टेक नीति बनाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रदेश को भविष्य के स्पेस टेक्नोलॉजी और नवाचार के केंद्र के रूप में विकसित करने की सोच को मूर्त रूप देने की दिशा में आगे बढ़ने के उद्देश्य से विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर में एमपी स्पेस-टेक नीति परामर्श- संभावनाएँ और चुनौतियाँ विषय पर विचार-विमर्श हुआ। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के एसीएस श्री संजय दुबे ने बताया कि प्रदेश की स्पेस-टेक पॉलिसी अगस्त 2025 तक जारी कर दी जायेगी। इसके लिये रोडमैप तैयार किया जा चुका है।

एमपी स्पेस-टेक नीति परामर्श- संभावनाएँ और चुनौतियाँ विषय पर हुए संवाद में 30 से अधिक प्रमुख विशेषज्ञ, शोध संस्थान, स्टार्ट-अप प्रतिनिधि, रक्षा और तकनीकी क्षेत्र के अधिकारियों तथा शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों ने परामर्श दिया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के एसीएस श्री दुबे ने आईआईटी इंदौर में हुए इस संवाद को अत्यंत सार्थक बताया।उन्होंने कहा कि हमारी स्पेस-टेक नीति आधारभूत संरचना या नीतिगत प्रोत्साहनों तक सीमित नहीं रहेगी। यह नीति में संबंधित नवाचारों को प्रोत्साहन, प्रतिभाओं को राज्य में बनाए रखने और प्रदेश को स्पेस-टेक के क्षेत्र में एक सशक्त दावेदार के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

स्पेस-टेक पर हुए संवाद में आईईटी इंदौर के शोध और विकास के डीन प्रो. अभिरूप दत्ता और निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा, कि स्पेस-टेक केवल उपग्रहों तक ही सीमित नहीं है, यह इंजीनियरिंग, मटेरियल साइंस, डाटा मैनेजमेंट और राष्ट्रीय क्षमताओं का संगम है। उज्जैन में ऑप्टिक्स एवं ऑप्टिकल कम्युनिकेशन क्लस्टर की स्थापना, क्षेत्रीय डाटा सेंटर और सैटेलाइट ग्राउंड स्टेशन का विकास, पेलोड और कम्पोनेंट निर्माण के लिए मेक-इन-इंडिया को बढ़ावा देना, डोमेन-स्पेसिफिक स्किलिंग, स्पेस सिस्टम्स में साइबर सुरक्षा और नवाचार को सहयोग दिये जाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञों ने सपेस-टेक पॉलिसी निर्माण में रिमोट सेंसिंग और कोर स्पेस-टेक के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण अपनाये जाने पर जोर दिया। स्पेस-टेक पॉलिसी पर हुए विचार-विमर्श के परामर्श सत्र में इसरो-इन-स्पेस एमसीएफ भोपाल, एनआरएससी, डीआरडीओ-सीएआईआर, सी-डॉट, राजा रमन्ना उन्नत प्रौद्योगिकी केंद्र, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेली-कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और आईआईटी इंदौर के प्रतिनिधियों एवं एसआईए-इंडिया, ट्रेड प्रमोशन काउंसिल फॉर जियो-स्पेशियल एंड स्पेस इंडस्ट्री जैसे निकाय और कई नवाचार स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधि शामिल हुये। निजी संगठनों में अभ्युदय, स्पेक्ट्रागेज़, सोअरिंग एयरोटेक, अफर्मिटी कॉर्प और ओमएग्री जैसे संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का पचमढ़ी आगमन

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पचमढ़ी हेलीपैड पर गृह मंत्री श्री शाह का किया आत्मीय स्वागत



**भोपाल ब्यूरो।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का शनिवार को पचमढ़ी आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव भी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल एवं श्री जगदीश देवड़ा सहित नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद श्री वीडी शर्मा, सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी, विधायक श्री विजयपाल सिंह, श्रीमती प्रीती पवन शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डोंगरपुर की बेशकीमती ढाई बीघा जमीन से हटाए अतिक्रमण

**ग्वालियर,नसं.।**



शहर में डोंगरपुर स्थित वन विभाग की बेशकीमती लगभग ढ़ाई बीघा जमीन को जिला प्रशासन की टीम द्वारा शनिवार को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर तहसीलदार झांसी रोड अनिल राघव के नेतृत्व में गई टीम में डोंगरपुर के सर्वे क्र.-47 में स्थित इस जमीन पर बनाई गई बाउण्ड्रीवॉल को मशीनों की मदद से तोड़ा गया। जमीन की कीमत लगभग 20 करोड रूपए आंकी गई है। वन भूमि पर बेजा कब्जा करने वाले लोगों के शस्त्र लायसेंस निरस्त करने की अनुशंसा भी तहसीलदार द्वारा की गई है। अतिक्रमण हटाने के बाद राजस्व विभाग की टीम ने वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और इस जमीन को फैंसिंग के जरिए सुरक्षित करने के लिये कहा। तहसीलदार राघव ने बताया कि इस जमीन से पहले भी अतिक्रमण हटाए गए।

# संतों के सानिध्य में हुआ वीरांगना बलिदान मेला का भूमिपूजन

**ग्वालियर,नसं.।**

प्रथम स्वतन्त्रता समर की अमर वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की शहादत की 167वीं वर्षगांठ पर 17 व 18 जून को ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में दो दिवसीय वीरांगना बलिदान मेला आयोजित होगा। बलिदान मेले में 18 जून को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन भी प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में 18 जून को सायंकाल वीरागना सम्मान, क्रांतिवीर वंशज सम्मान व शहीद परिजन सम्मान समारोह आयोजित होगा। शनिवार शाम को समाधि स्थल के सामने बलिदान मेला मैदान में भूमिपूजन समारोह संतों के सानिध्य में किया गया। इसमें ददरौआ धाम के महंत रामदास महाराज और वरिष्ठ समाज सेवी श्रीधर पराड़कर सहित बड़ी संख्या में संत समाज मौजूद रहा। इस अवसर भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, सभापति मनोज तोमर बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे। बलिदान मेला के संस्थापक अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने बताया कि झांसी की रानी की समाधि पर सन् 2000 से निरंतर आयोजित होने वाले 26वें आयोजन में 18 जून को सायं प्रमुख समारोह में रानी के जीवन पर आधारित जीवंत घोड़ा, बग्गी व 200 पात्रों द्वारा खूब लड़ी मर्दानी महानाट्य का मंचन होगा। शहीद मंगल पाण्डे के साथी शहीद दुर्गासिंह (प्रथम) के प्रपोत्र को क्रांतिकारी वंशज सम्मान तथा शौर्य चक्र से सम्मानित चंबल के शहीद विवेक तोमर की धर्मपत्नी को शहीद परिजन सम्मान दिया जायेगा। पूर्व मंत्री श्री पवैया ने बताया कि स्वराज संस्थान ने भारत की प्रख्यात शिक्षाविद् पीठ की सुश्री इंदुमति ताई काटदरे को लक्ष्मीबाई सम्मान मेला के मंच पर प्रदान करने का निर्णय किया है। सम्मान समारोह के विशेष अतिथि प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र लोधी व अध्यक्षता दंदरौआ सरकार महामण्डलेश्वर रामदास जी महाराज करेंगे।






स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954